हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

haribhoomi.com

जन्मोत्सव...वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब



मथुरा और वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और लीलाभूमि होने के कारण जन्माष्टमी का पर्व बेहद खास माना जाता है। गुरुवार को वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

आज कृष्ण जन्माष्टमी, 15 वर्ष पश्चात जयंती योग सहित 7 विशेष संयोग, निशीथ काल पूजन के लिए मिलेंगे मात्र 46 मिनट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 3 सितंबर मध्यरात्रि पश्चात 4 सितंबर को रात 2:25 बजे से शुरू हो चुकी है। यह 5 सितंबर की रात 12:13 बजे तक रहेगी। धार्मिक परंपराओं में जन्माष्टमी की तिथि तय करते समय केवल अष्टमी तिथि को ही आधार नहीं माना जाता, बल्कि मध्यरात्रि के समय और रोहिणी नक्षत्र की स्थिति का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। इन्हीं गणनाओं के आधार पर इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को मनाया जाएगा। अर्थात शुक्रवार को मध्यरात्रि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा। पूरे 15 साल बाद ऐसा विशेष योग बन रहा है, जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव ठीक उसी संयोग में मनेगा, जैसा द्वापर युग में उनके जन्म के समय बना था। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार, कान्हा का प्राकट्य भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी ⏭शेष पेज 5 पर

गुरुवार मध्यरात्रि पश्चात 2.25 मिनट से प्रारंभ हो चुकी है अष्टमी तिथि



निशीथ काल रात्रि 11:58 बजे से 12:44 बजे तक

जन्माष्टमी की मुख्य पूजा मध्यरात्रि के निशीथ काल में करने की परंपरा है। पंचांग गणना के अनुसार इस दिन अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। जिस समय श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, उस समय रोहिणी नक्षत्र विद्यमान था, इसलिए इसे विशेष माना जाता है। माना जाता है। जन्माष्टमी की पूजा के लिए निशीथ काल सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। निशीथ पूजा का समय लगभग रात 11:58 बजे से 12:44 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के विशेष संयोग में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करना शुभ व फलदायी है। परंपराओं में इस तरह के संयोग में व्रत और पूजा को पापों के क्षय तथा मनोकामना पूर्ति से जोड़ा गया है।

शुरुआत हर्षण योग से

4 सितंबर को दिन की शुरुआत हर्षण योग में होगी, जो दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। हिंदू धर्म में आस्था का महापर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार बेहद खास और दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। धार्मिक मान्यताओं में शुभ योगों के दौरान पूजा-पाठ और भगवान का स्मरण करना विशेष फलदायी माना जाता है। राजधानी के इस्कॉन मंदिर, खाटू श्याम मंदिर व राधा-कृष्ण मंदिर में उत्सव व भजन संध्या की शुरुआत शुक्रवार प्रातः काल से हो जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹115898/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141550/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154516/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

खबर संक्षेप

वैन को टक्कर मारी तीन मजदूरों की मौत

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में एक वाहन ने मजदूरों को ले जा रही वैन को टक्कर मार दी, जिससे उत्तर प्रदेश के तीन मजदूरों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। हादसा खरखौदा क्षेत्र में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ। उत्तर प्रदेश के मजदूरों को लेकर यह वैन जब झज्जर के बेरी की ओर जा रही थी, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

इस बारिश छग की 214 सड़कें ध्वस्त 10 हजार किमी नेटवर्क को पहुंची क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में इस साल भारी मानसूनी बारिश ने सड़कों, पुलों और पुलियों के निर्माण और रखरखाव के सिस्टम को बड़ा झटका दिया है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सामने आई प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की 214 से अधिक प्रमुख सड़कों को बारिश ने उधेड़ दिया है। इन सड़कों से जुड़े करीब 10 हजार किलोमीटर का सड़क नेटवर्क क्षतिग्रस्त हुआ है। कई स्थानों पर सड़कें बह गईं ⏭शेष पेज 5 पर

सूरजपुर में 10 करोड़ का पुल बहा

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड में धोंधा नदी पर बना करीब 10 करोड़ रुपये की लागत वाला पुल तेज बारिश और नदी के उफान में बह गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने से आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ।

राजनांदगांव ओवरब्रिज में 60-70 फीट की दरार

राजनांदगांव के आलीवारा-मुसरा क्षेत्र में बना रेलवे ओवरब्रिज भी बारिश के बाद धंसने से चर्चा में है। करीब 22 से 50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बताए जा रहे इस ओवरब्रिज के आसपास सड़क पर 60 से 70 फीट तक लंबी दरारें आने की जानकारी सामने आई है। दुर्ग के सेमरिया गांव की करीब तीन किलोमीटर सड़क पर बड़ी संख्या में गड्ढे होने की शिकायत सामने आई है।

6 पुल-पुलिए भी बह गए



फोटो: एआई

कई इलाकों में सड़क चलने लायक नहीं बची, प्रारंभिक सर्वे में आंकड़े चिंताजनक

बस्तर से सरगुजा तक सड़कों की हालत खराब

बारिश का असर केवल बड़े प्रोजेक्टों तक सीमित नहीं रहा। रायपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, अंबिकापुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, कवर्धा और बेमेतरा समेत कई जिलों में सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। बस्तर और सुकमा के अंदरूनी इलाकों में जलभराव और तेज बहाव के कारण कई जगह डामर उखड़ गया है। कांकेर में भी अंदरुनी सड़कों पर बड़े गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

एरियर के लिए डिमांड

10 हजार की रिश्वत लेते धरे गए प्राचार्य और बाबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरारी की प्राचार्य और बाबू को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि उन्होंने एरियर की राशि निकालने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय किरारी में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रार्थी मनीष राठौर अपनी परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद वर्ष 2025 में उनका नियमित हुआ था। इस दौरान वर्ष 2022 से जून 2026 तक का वेतन वृद्धि एरियर लगभग 80 हजार रुपये बनना था, जिसके लिए प्राचार्य अंजुला सोनी ने पहले 20 हजार रुपए की मांग की थी। निवेदन करने पर सौदा 10 हजार रुपए में तय हुआ। रिश्वत नहीं देना चाहते हुए मनीष ने एसीबी बिलासपुर में शिकायत दर्ज कराई, जिसके सत्यापन ⏭शेष पेज 5 पर

जैसे ही रकम ली और धरे गए

प्रार्थी ने जब रकम प्राचार्य को देनी चाही तो उन्होंने रकम स्कूल के बाबू विकास मसीह को देने के लिए कहा। जैसे ही मनीष ने विकास मसीह को रिश्वत की रकम दी। पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और मौके से रिश्वत की रकम बरामद कर ली। एसीबी द्वारा दोनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7, 12 के तहत कार्रवाई की जा रही है।



LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC 70 Years
हमारा सफर, आपका विश्वास.
Our Journey, Your Trust.

इस तस्वीर में
एलआईसी एजेंट को पहचानिए



आप यकीनन नहीं पहचान पाएंगे
क्योंकि वह आपके परिवार के एक सदस्य की तरह है!

हमारे एजेंट से आज ही संपर्क करे, जो आपका पारिवारिक मित्र है, और विचार विमर्श करें कि जीवन बीमा आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति और नियोजित रिटायरमेंट को पूरा करने में कैसे मददगार हो सकता है।

LIC/P1/2025-26/34/Hin

क्यूआर कोड स्कैन करें और डाउनलोड करें My LIC App
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने में लगेंगे कुछ और दिन

राम मंदिर ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एयर मार्शल (रिटायर्ड) जीतेंद्र मिश्रा गुरुवार सुबह दिल्ली से फ्लाइट के जरिए अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले राम मंदिर जाकर भगवान राम के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह रामघाट स्थित श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय पहुंचे।

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

मिश्रा ने ट्रस्ट के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें ट्रस्ट के कामकाज, लेखा व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक को मुख्य रूप से परिचयात्मक बैठक बताया गया, जिसमें नए सीईओ का ट्रस्ट के अन्य सदस्यों से औपचारिक परिचय कराया गया। बैठक के बाद जीतेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह परिचयात्मक बैठक थी, जिसमें उन्होंने ट्रस्ट के दूसरे सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने में उन्हें कुछ और दिन लगेंगे। मिश्रा फिलहाल मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में ही ठहरे हुए हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाली जिम्मेदारी

ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देव गिरि ने बताया कि गुरुवार को नए सीईओ के साथ ट्रस्ट सदस्यों का औपचारिक परिचय हुआ। उन्होंने कहा कि सीईओ के लिए एसओपी तैयार की जाएगी, जिसमें उनकी जिम्मेदारियों और अधिकारों को स्पष्ट किया जाएगा। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, जीतेंद्र मिश्रा दिन में ट्रस्ट की कुछ और बैठकों में भी शामिल हो सकते हैं। अपनी जीवन यात्रा को याद करते हुए भावुक अंदाज में जितेंद्र मिश्रा ने कहा, मैं 17 साल की उम्र में उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में स्थित अपने गांव से निकला था। इसके बाद मैंने 60 साल की उम्र तक भारतीय वायुसेना में रहकर पूरी निष्ठा से राष्ट्र की सेवा की।

सीईओ की जिम्मेदारियों के लिए तैयार होगी एसओपी



सीईओ की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब मंदिर ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। मंदिर में मिले कथित चंदा गबन के विवाद के बाद आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इस विवाद के बाद चंपत राय ने महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। बुधवार को ट्रस्ट ने गोविंद देव गिरि को महासचिव और महेश भगचंदका को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके अलावा मदन मोहन पांडेय और निर्मला यादव समेत नए ट्रस्टियों को भी शामिल किया गया। ट्रस्ट की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं और इसी को देखते हुए प्रशासनिक एवं वित्तीय कामकाज को अधिक व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है।

दान घोटाले के विवाद के बाद ट्रस्ट में बदलाव

डिप्टी सीईओ की भी होगी नियुक्ति, ऐसे होगा सिलेक्शन

राम मंदिर में आने वाले कुछ समय ही संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) की भी तैनाती की जाएगी। यह जानकारी राम मंदिर ट्रस्ट के नये महासचिव नियुक्त हुए महंत गोविंद देव गिरि ने दी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार डिप्टी सीईओ का सलेक्शन उपलब्ध कराए गये पैनल से हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट के प्रवक्ता के लिए जिस उपयुक्त नाम की तलाश है, वह अभी पूरी नहीं हुई है। इसके कारण प्रवक्ता का चयन स्थगित रखा गया है। जैसे ही उपयुक्त नाम की तलाश पूरी होगी वैसे घोषणा कर दी जाएगी।

खबर संक्षेप

दिल्ली जल बोर्ड केस सत्येंद्र को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आप नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें जमानत दे दी। यह मामला उस वक्त का है, जब वे केजरीवाल सरकार में जल मंत्री थे। कोर्ट ने जैन को 2 लाख के निजी बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया है। जैन को इस मामले में 18 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली जल बोर्ड में करप्शन से जुड़ा यह मामला एमएस यूरोटेक एनवायरनमेंटल प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए एक टेंडर से जुड़ा है।



सीजेपी के खिलाफ बनी सीजेपी डेमोक्रेटिक पार्टी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी की तरह कॉकरोच जनता पार्टी डेमोक्रेटिक का ऐलान हुआ है। मनीष ब्रह्मभट्ट नाम के युवक ने कहा कि सीजेपी पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी बन गई है। मनीष ब्रह्मभट्ट ने गुरुवार (3 सितंबर) को कहा, 'आंदोलन देश का आंदोलन था। लोगों की वजह से आंदोलन सफल हुआ, आंदोलन खत्म होने के बाद इनका सौदा हो गया है। टीम केजरीवाल बन गई है।' अहमदाबाद के रहने वाले मनीष ब्रह्मभट्ट का दावा है कि वो सीजेपी आंदोलन से जुड़े थे। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन अहम भूमिका निभाई थी।



अयोग्यता मामला : अभिषेक बनर्जी की शिकायत पर बिरला ने जारी किया नोटिस

टीएमसी के बागी सांसदों पर लटकी तलवार स्पीकर ने दिया 22 सितंबर तक का वक्त

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को टीएमसी के बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने के मामले में नोटिस जारी कर 22 सितंबर तक इस बारे में जवाब दाखिल करने कहा है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने 18 जून को स्पीकर बिरला से इन बागी सांसदों के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य करार देने की मांग की थी।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

14 जून को 20 टीएमसी सांसदों ने खुद को पार्टी से अलग कर लिया था। बाद में नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए। इसके बाद इन्होंने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया था। इसी मामले में टीएमसी संसदीय दल के नेता अभिषेक ने बिरला से गुरुवार को मुलाकात कर अयोग्यता की कार्यवाही तेज करने की मांग की थी। स्पीकर ओम बिरला ने सदन में अलग हुए 20 सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन उनके विलय को अब तक मंजूरी नहीं दी है। बनर्जी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचे थे। वहां लोकसभा स्पीकर और सदन के महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया था कि स्पीकर ने टीएमसी की ओर से दसवीं अनुसूची के तहत दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 20 सांसदों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

पहले दिया था सात दिन का समय

पहले इन सांसदों को जवाब देने के लिए सिर्फ सात दिन का समय दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ने 26 अगस्त को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। सांसदों ने जवाब तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी। उनकी इसी मांग को स्वीकार करते हुए स्पीकर ने अब 22 सितंबर की नई समयसीमा तय कर जवाब देने की राहत दी है।

ऑफिस में तोड़फोड़, अभिषेक ने शेयर किया सीसीटीवी फुटेज



टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित हथियारबंद लोगों ने तड़के कोलकाता में उनकी पार्टी के कामाक स्ट्रीट स्थित कार्यालय में तोड़-फोड़ की। जिसके बाद पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने सोशल मीडिया पर हमले का कथित सीसीटीवी फुटेज शेयर किया। जिसमें मास्क और हेलमेट पहले कई लोग टीवी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर ऑफिस से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक और कथित क्लिप में एक कमरा दिखा जिसमें टूटी-फूटी चीजें बिखरी हुई थीं।

भाजपा ने बताया आरोपों को बेबुनियाद

भाजपा ने टीएमसी के आरोपों को खारिज कर दिया है। बारानगर से भाजपा विधायक सजल घोष ने कहा कि इस घटना में उनकी पार्टी का कोई कार्यकर्ता शामिल नहीं था। उन्होंने उल्टा सवाल उठाया कि इतनी सुबह टीएमसी के लोग कार्यालय में क्यों मौजूद थे।

कुर्सी बचाने के लिए इस्तीफा देने वालों को सरकारी लाभ क्यों?

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के हटाए जाने की प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। याचिका में मांग की गई है कि ऐसे संवैधानिक पदाधिकारियों को किसी भी तरह की सुविधा या लाभ नहीं दिया जाना चाहिए, जो हटाए जाने से बचने के लिए अपनी कुर्सी से इस्तीफा दे देते हैं। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने इस जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि यदि कोई संवैधानिक पद पर तैनात अधिकारी या पदाधिकारी अपने खिलाफ हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद या ऐसी प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देता है, तो उसे बाद में किसी भी प्रकार की सुविधा या लाभ नहीं मिलना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ऐसे प्रावधानों और नियमों को भी चुनौती दी है, जिनके तहत इस्तीफा देने वाले ऐसे व्यक्ति को किसी तरह की सुविधा या लाभ मिल सकता है।

प्रक्रिया शुरू होने के बाद इस्तीफा पर रोक की मांग

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे ऐसे संवैधानिक पदाधिकारियों को कोई सुविधा या लाभ न दें, जिन्होंने हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद या फिर ऐसी प्रक्रिया शुरू होने से बचने के लिए अपने पद से इस्तीफा दिया हो। याचिकाकर्ता का तर्क है कि किसी संवैधानिक पदाधिकारी को हटाए जाने की प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देने के बाद भी सुविधाएं या लाभ मिलना उस व्यवस्था के उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। इसी मुद्दे को लेकर अदालत से स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है।

पुलिस पर पत्रकारों से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- कदिल्ली प्रेस क्लब ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

साकेत में मैक्स अस्पताल के नए विंग के उद्घाटन कार्यक्रम की रिपोर्टिंग करने पहुंचे दो स्वतंत्र पत्रकारों के साथ कथित मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले ने पत्रकार संगठनों में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया समेत पांच प्रमुख पत्रकार संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दिल्ली पुलिस के संबंधित अधिकारियों, साकेत थाने के एसएचओ समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प्स, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, प्रेस एसोसिएशन और केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की ओर से गुरुवार को जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा गया कि स्वतंत्र पत्रकार शाहीन खान और नफीसा खान मैक्स अस्पताल, साकेत में नए विंग के उद्घाटन कार्यक्रम की रिपोर्टिंग कर रही थीं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया जाना था।



डील हुई पक्की, एमओयू साइन करने के बाद बोले पीएम मोदी

'जोरावर टैंक से बढ़ेगा भारत और बेल्जियम का रिश्ता'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की मौजूदगी में गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कई महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) हुए। भारत और बेल्जियम गुरुवार को व्यापार, रक्षा, अहम खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अपना सहयोग काफी बढ़ाने पर सहमत हुए। मीडिया के सामने दिए बयान में मोदी ने बताया कि पिछली तिमाही में भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की दुनिया के लिए भरोसे और नए मौकों का ज़रिया है। वहीं, बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि नई दिल्ली और ब्रसेल्स ऐसे रिश्ते बना रहे हैं जो पहले से कहीं ज़्यादा व्यापक और रणनीतिक हैं।

कोर्ट ने बर्थ टूरिज्म बैन करने वाला आदेश रोका

ट्रंप की जन्मजात नागरिकता रोकने की दूसरी कोशिश नाकाम

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका की एक अदालत ने राष्ट्रपति ट्रंप के 6 अगस्त के आदेश पर रोक लगा दी है। इसमें कुछ खास मामलों में अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों की जन्मसिद्ध नागरिकता रोकने की बात कही गई थी। आदेश में 'बर्थ टूरिज्म' पर भी रोक लगाने की बात थी। यानी बच्चे को अमेरिकी नागरिकता दिलाने के मकसद से अमेरिका आकर बच्चे को जन्म देना। इसके अलावा विदेशी सरकारों से जुड़े लोगों के बच्चों और नागरिकता हासिल करने के लिए धोखाधड़ी या पैसों के लेन-देन वाले मामलों को भी इसमें शामिल किया गया था। मैरीलैंड की फेडरल कोर्ट ने बुधवार को आदेश पर अस्थायी रोक लगाते हुए कहा कि यह संविधान में मिले जन्मसिद्ध नागरिकता के अधिकार के खिलाफ हो सकता है। प्रवासी अधिकार संगठनों ने ट्रंप के आदेश को अदालत में चुनौती दी थी। जज बोर्डमैन ने कहा कि ट्रंप का आदेश संविधान के खिलाफ हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि इस मामले में आने वाले बच्चे जन्म से अमेरिकी नागरिक हैं।



रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति आंद्रेई सिबिहा से मिले जयशंकर

'समझौते कराने भारत हर प्रकार से सहायता को तैयार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी दो देशों (यूक्रेन और पोलैंड) की मौजूदा विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ कीव में शिष्टाचार मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने खासतौर पर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बारे में राष्ट्रपति को अवगत कराया। वार्ता में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर चर्चा की है। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत के विदेश मंत्री ने यह जानकारी साझा की है। जिसमें उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विदेश मंत्री सिबिहा के साथ बैठक के दौरान हमने रूस और यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने से जुड़े हुए दृष्टिकोणों पर भी विचार-विमर्श किया। यहां बता दें कि यूक्रेन से पहले जयशंकर ने हाल ही में रूस की यात्रा की थी। जहां उन्होंने भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के अलावा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ भी मुलाकात की थी।



समाधान को लेकर मदद को तैयार भारत

जयशंकर ने यह भी कहा कि संघर्ष के बीच रूस और यूक्रेन को ही आगे बढ़ने का मार्ग ढूंढना पड़ेगा। लेकिन समाधान को लेकर भारत हर प्रकार से सहायता करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री सिबिहा के साथ हुई वार्ता में भी इस मुद्दे और संघर्ष से संबंधित कुछ खास पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें वैश्विक जलमार्गों से आवाजाही के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर होने वाले हमले के मसले को शामिल किया गया। **ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ता प्रभाव :** भारतीय विदेश मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि संघर्ष का समुद्री परिवहन पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ता है। जिसकी चपेट में आकर वैश्विक दक्षिण के कई देश विभिन्न प्रकार से प्रभावित हो रहे हैं। ईंधन, उर्वरक और खाद्य पदार्थों की कमी जैसी जटिल समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शिक्षक दिवस काउंटडाउन-4 सितंबर



गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।
तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥

आरती ने थमाई माताओं को वर्णमाला की छतरी स्कूल आने से पहले ही बच्चे सीख रहे ककहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर ब्लॉक के सेमरा गांव की माताओं के हाथों में थमी छतरी सिर्फ धूप और बारिश से बचाने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों की पहली पाठशाला भी बन गई है। छतरियों पर हिंदी वर्णमाला, गिनती और अंग्रेजी के अक्षर अंकित हैं। खेतों में काम करने के दौरान जब माताएं इन छतरियों को ⏭शेष पेज 5 पर



माताओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ा

शिक्षिका आरती साहू समय-समय पर स्कूल की माताओं का उन्मुखीकरण करती हैं। इसका उद्देश्य माताओं के माध्यम से बच्चों तक शिक्षा का संदेश पहुंचाना है। उनका मानना है कि यदि मां शिक्षा के प्रति जागरूक होगी तो उसका सकारात्मक प्रभाव बच्चे पर भी पड़ेगा। स्कूल ⏭शेष पेज 5 पर

28 साल से बस्तर के घनघोर इलाके में 'देवदूत'

आदिवासी घरों में बच्चों तक खुद पहुंचते हैं, उनकी फीस, कापी-किताब का खर्च भी उठा रहे बुधराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर के दूरस्थ अंचल दरभा ब्लॉक के छिंदबहार में पदस्थ व्याख्याता बुधराम कश्यप स्कूल के बच्चों के लिए शिक्षक से कहीं बढ़कर हैं। पिछले 28 साल से वे लगातार इस इलाके में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को महज कक्षा तक सीमित नहीं रखा। वे स्कूल से दूर हो चुके बच्चों के घर पहुंचते हैं, ⏭शेष पेज 5 पर



घर-घर पहुंचे, स्कूल से दूर बच्चों को फिर जोड़ा

बुधराम कश्यप का कहना है कि किसी बच्चे के स्कूल नहीं आने के पीछे केवल उसकी लापरवाही नहीं होती। कई बार आर्थिक परेशानी, पारिवारिक परिस्थितियां और पढ़ाई के प्रति रुचि की कमी भी इसका कारण होती है। इसलिए शिक्षक को बच्चे की समस्या समझकर समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

शिक्षा के साथ छात्रों को खेल मंच पर भी दिलाई पहचान

आदिवासी इलाके में दिया लगातार शत-प्रतिशत परिणाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा केवल पढ़ाई पूरी करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे मंजिल तक ले जाने की जिम्मेदारी भी है। इसी सोच के साथ 28 सालों से कबीरधाम जिले के आदिवासी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी। वे फिलहाल बोड़ला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला के व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य हैं। उनका चयन राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है तो इसकी वजह आधी आदिवासी आबादी वाले दूरस्थ इलाके में ⏭शेष पेज 5 पर

अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर छात्रा ने जीता रजत पदक

चन्द्रिका प्रसाद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन की खास उपलब्धि यह भी है कि उनके विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में राज्य ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 2022 में बांग्लादेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टार्गेट बॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की एक छात्रा ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा विभिन्न वर्षों में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अनेक विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए और कई विद्यार्थियों का राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन हुआ।

खबर संक्षेप

सिविल इंजीनियरिंग की हिंदी में पढ़ाई शुरू

इंदौर। मध्यप्रदेश में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई को हिंदी माध्यम में उपलब्ध कराने की पहल इंदौर के श्री जीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) में की गई है। इस पाठ्यक्रम के विशेष बैच के लिए 30 सीट निर्धारित की गई हैं और इसमें करीब 20 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है।



80 करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में एक व्यक्ति के कब्जे से लगभग 80 करोड़ रुपए मूल्य की 10.891 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिरीबाम पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को जेटी रोड इलाके की माखा बस्ती में तलाश अभियान चलाया। इस दौरान व्यक्ति के पास से 10.891 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई।



चुनाव लड़ा, पर खर्च का हिसाब नहीं दे पाए उम्मीदवार, भारत निर्वाचन आयोग ने चार को किया बाहर, पहले 36 हो चुके हैं निरर्हित

चुनावी खर्च का हिसाब नहीं देने वाले राज्यों में छग चौथा, अब 40 नेता तीन साल के लिए मैदान से बाहर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरकर चुनाव जीतने और विधायक बनने की तमन्ना रखने वाले चार और नेता चुनावी खर्च का हिसाब देने में असफल रहे। ऐसे उम्मीदवारों को भारत निर्वाचन आयोग ने निरर्हित कर चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले इसी साल मार्च तक 36 अभ्यर्थी बाहर किए जा चुके हैं। एक खास और दिलचस्प बात ये है कि देशभर में कुल 529 उम्मीदवारों को इस मामले में अयोग्य घोषित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ चौथा प्रमुख राज्य बन गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने ताजा मामलों में राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले चार अभ्यर्थियों को तीन साल के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। इनमें 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सरायपाली क्षेत्र के अजीत डोलचंद चौहान, क्षेत्र क्रमांक 42 से महासमुंद से अशोक कश्यप, चंचल वाणी और बृजलाल ठाकुर के नाम शामिल हैं। आयोग ने इनके मामलों में पाया है कि ये सभी निर्वाचन लेखा न दाखिल करने या सही रीति से लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं। इसलिए इन्हें 3 साल के लिए चुनाव लड़ने से निरर्हित किया गया है।



अयोग्य घोषित होने के मामलों में छत्तीसगढ़ देश में चौथा राज्य

30 दिनों के भीतर देना है हिसाब

राज्य के चार नेताओं को चुनाव मैदान से बाहर करने के भारत निर्वाचन आयोग के फैसले से पहले इसी साल मार्च तक प्रदेशभर से कुल मिलाकर 36 नेता चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर हो चुके थे। छत्तीसगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत की जाती है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार के लिए परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपने निर्वाचन व्यय (चुनाव खर्च) का सही और पूरा लेखा-जोखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है। यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना व्यय लेखा दाखिल करने में असफल रहता है या इसका कोई उचित कारण या औचित्य पेश नहीं कर पाता तो निर्वाचन आयोग अधिनियम की धारा 10ए के तहत उसे आगामी तीन वर्ष के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित कर देता है।

विधानसभा-लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकते

निरर्हता संबंधी आदेश जारी होने की तिथि से 3 वर्ष के लिए उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता है। यह नियम लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों के उम्मीदवारों पर समान रूप से लागू होता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित होने वाले स्थानीय निकाय (पंचायत और नगरपालिका) चुनावों पर यह अयोग्यता स्वतः प्रभावी नहीं होती है। भारत निर्वाचन आयोग के पास कानून के तहत इस तरह की अयोग्यता की अवधि को कम करने या इसे पूरी तरह से हटाने का भी विशेष अधिकार होता है।

छत्तीसगढ़ देश में चौथा राज्य

चुनाव खर्च का हिसाब न देकर चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर होने के मामले में भी छत्तीसगढ़ देश का चौथा राज्य बना है, जहां इस तरह के सबसे अधिक मामले आए हैं। छत्तीसगढ़ में ऐसे 40 लोगों पर कार्रवाई हुई है। आयोग के रिकार्ड के मुताबिक देशभर में कुल 529 उम्मीदवारों को इस मामले में अयोग्य घोषित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ चौथा प्रमुख राज्य है।

बिगड़ी पायलट की तबीयत, मस्कट में आपात लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दोहा से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट के एक पायलट की तबीयत हवा में अचानक खराब हो गई, जिसके बाद प्लेन को तुरंत मस्कट की ओर मोड़ दिया गया। दरअसल पायलट-इन-कमांड ने अस्वस्थ होने की सूचना दी थी। उनको तुरंत मेडिकल हेल्प की जरूरत थी। घटना गुरुवार की है। फ्लाइट 6ई 1302 को सुरक्षित रूप से मस्कट की ओर मोड़ा गया। फ्लाइट लैंडिंग के बाद मेडिकल टीम ने तुरंत पायलट का चेकअप किया। इसके बाद पायलट को अस्पताल ले जाया गया। उनकी तबीयत अब ठीक है।

राजमार्ग पर लॉरी से टकराई बस, दो की मौत

पेराम्बलूर। चेन्नई-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी बस ने आगे चल रही लॉरी को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दुर्घटना एक फ्लाईओवर के पास बिजली बोर्ड (ईबी) कार्यालय के नजदीक हुई। निजी बस चेन्नई से मदुरै जा रही थी, जबकि लॉरी तिंडिवनम से पुडुकोट्टई की ओर जा रही थी।

घुसपैठ की कोशिश कर रहे 22 को रोका

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 22 लोगों को रोक दिया। उन्होंने इन लोगों की पहचान या उन्हें किस स्थान पर रोका गया, इसका विवरण साझा नहीं किया। असम दी गली विचः नो एंट्री। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सतर्क सुरक्षा बलों ने 22 लोगों की पहचान की।

जौहरी के घर से 2.25 करोड़ के आभूषण चोरी

तुमकुरु। कर्नाटक के तुमकुरु में एक जौहरी के घर से चोरों ने करीब 2.25 करोड़ के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। यह घटना उस समय हुई जब जौहरी लक्ष्मण गणपत पवार और उसका परिवार 29 और 30 अगस्त को अपने बेटे की शादी में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र के सांगली गया हुआ था। चोरों ने घर की चारदीवारी की ग्रिल और खिड़कियां काटकर अंदर प्रवेश किया।





खबर संक्षेप

झीरमघाटी घटना में नया जांच आयोग, सुनवाई बढ़ी

बिलासपुर। झीरमघाटी घटना में नया जांच आयोग बनाने के खिलाफ लगी धरमलाल कौशिक की जनहित याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए बढ़ गई है। भूपेश बघेल सरकार के द्वारा बनाए गए इस जांच आयोग के खिलाफ तब के भाजपा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जनहित याचिका लगाकर रोक लगाने की मांग की थी। श्री कौशिक का कहना था कि इस पर जांच आयोग पहले जांच कर चुका है तथा और जांच की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार और झीरम घटना में प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने हस्तक्षेप याचिका लगाकर धरम लाल कौशिक की याचिका का विरोध किया था। जांच आयोग अधिनियम के तहत राज्य या केंद्र सरकार को आयोग बनाने का अधिकार है और किसी आयोग की रिपोर्ट से अगर वह संतुष्ट नहीं हो तो नया आयोग बना सकता है। प्राथमिक सुनवाई के बाद धरमलाल कौशिक के पक्ष में मामले में स्टे हो गया था इसके कारण नया जांच आयोग कार्य शुरू नहीं कर पाया था।

महिला आयोग सलाह और सिफारिश कर सकता है अधिकार तय नहीं : हाईकोर्ट

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्य महिला आयोग की भूमिका सलाहकारी और सिफारिशी है। आयोग पक्षकारों के अधिकार और दायित्व तय करने वाले बाध्यकारी आदेश जारी नहीं कर सकता। कोर्ट ने महिला आयोग के 19 जून 2025, 6 जुलाई 2026 और 8 जुलाई 2026 के आदेशों को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) की रिट याचिका स्वीकार कर ली। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने गेल की याचिका पर सुनवाई की। गेल ने बताया कि पेट्रोलियम एवं मिनरल्स पाइपलाइंस (भूमि में उपयोग के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962 के तहत संबंधित जमीन पर गैस पाइपलाइन बिछाने की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई थी और सक्षम प्राधिकारी मुआवजा भी निर्धारित कर चुका था।

अटेंडेंस ऐप का विरोध पड़ गया भारी, वायरल वीडियो वाली शिक्षिका सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

नवागढ़ ब्लॉक के तुलसी हाई स्कूल की व्याख्याता का अटेंडेंस ऐप के विरोध में बनाया गया वीडियो वायरल करना महंगा पड़ गया है। शासन ने वायरल वीडियो वाली शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दरअसल 31 अगस्त को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें तुलसी हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता

श्रीमती निर्मला कोमल लहरे ने स्कूलों में लागू किए गए नए वीएसके अटेंडेंस ऐप का छत्तीसगढ़ी में खुलकर विरोध किया था। वीडियो में उन्होंने कहा था कि ऐप के माध्यम से शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है, जबकि यह नियम सभी विभागों पर लागू होना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर मवेशियों के घूमने को लेकर भी सवाल उठाए थे और सरकार को चेतावनी तक दे दी थी।

मामला संज्ञान में आने पर जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा ने 2 सितंबर को संचालक लोक शिक्षण को प्रतिवेदन भेजा था। डीईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा आज 3 सितंबर को आदेश क्रमांक 1040 जारी कर व्याख्याता एलबी श्रीमती निर्मला कोमल लहरे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित कर दिया गया है।

खबर का असर

वीएसके ऐप पर मुख्यमंत्री के खिलाफ की थी टिप्पणी

छवि हुई है धूमिल

आदेश में कहा गया है कि शिक्षिका द्वारा मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर के संबंध में अशोभनीय टिप्पणियां कर वीडियो प्रसारित करना पदीय दायित्वों के विरुद्ध है और इससे शासन एवं विभाग की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 10 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है। निलंबन अवधि में शिक्षिका को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर-चांपा नियत किया गया है।



अटेंडेंस एप पर भड़की टीचर

कहा-नेता और अफसरों पर भी लागू हो नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ ब्लॉक से एक शिक्षिका का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वे स्कूलों में लागू किए गए नए ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप का खुलकर विरोध करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में शिक्षिका ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शासन-प्रशासन पर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि

न्यायालय केवल ईंट, पत्थर और कंक्रीट से निर्मित कोई संरचना नहीं, नागरिकों के विश्वास और आस्था का द्वार: चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सिन्हा के पद से निवृत्त होने पर सम्मान समारोह

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा को उनके विशिष्ट कार्यकाल के उपरांत पद से निवृत्त होने के अवसर पर सम्मान एवं स्नेहपूर्वक विदाई दी गई।

समारोह को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने हाईकोर्ट के साथ अपनी यात्रा को स्मरण किया तथा सभी जस्टिसों, रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारियों, राज्य शासन तथा न्याय वितरण प्रणाली से जुड़े सभी हितधारकों के सहयोग, स्नेह एवं समर्थन के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट उनके लिए केवल कार्य करने का स्थान नहीं रहा, बल्कि इससे कहीं अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि वे इस संस्था से गहरी कृतज्ञता एवं संतोष की भावना के साथ विदा हो रहे हैं और अपने साथ अनगिनत स्मृतियां एवं अनुभव लेकर जा रहे हैं, जो सदैव उनके साथ रहेंगे।अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल न्याय प्रशासन एवं प्रकरणों के निराकरण तक सीमित नहीं है। इसमें संस्था को सुदृढ़ करना, अधोसंरचना का विकास करना, गरिमापूर्ण कार्य वातावरण का निर्माण करना तथा न्यायपालिका से जुड़े प्रत्येक हितधारक के भीतर संस्था के प्रति वास्तविक अपनत्व की भावना सुनिश्चित करना भी सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि न्यायालय केवल ईंट, पत्थर और कंक्रीट से निर्मित कोई संरचना नहीं है, बल्कि वह वह स्थान है जहां नागरिक अपनी आशाओं, शिकायतों तथा विधि के शासन में अपने विश्वास के साथ न्याय व्यवस्था का द्वार खटखटाते हैं। अतः न्यायिक अधोसंरचना संस्था की गरिमा को प्रतिबिंबित करने वाली तथा प्रभावी न्याय प्रशासन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने वाली होनी चाहिए।

खास खबर

वैध अधिकार किसी प्रकार की कृपा रियायत की मोहताज नहीं

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने न्यायाधीश, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण तथा उनके वैध अधिकारों एवं देयताओं पर विशेष बल दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि कोई वैध अधिकार किसी प्रकार की कृपा, रियायत अथवा विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि वह एक ऐसा अधिकार है, जिसे संस्था द्वारा अनावश्यक विलंब अथवा कठिनाई के बिना प्रदान करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके कार्यकाल में निर्मित न्यायालय भवन एवं अन्य अधोसंरचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी, आवासीय सुविधाएं संस्था से जुड़े लोगों को अधिक गरिमा एवं सुविधा प्रदान करेंगी। बार के लिए विकसित बेहतर सुविधाएं बेंच और बार के बीच साझेदारी को और सुदृढ़ करेंगी।



अपने पीछे ऐसी संस्था छोड़कर जाएं जो सशक्त हो

अपने संबोधन के समापन चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायपालिका के प्रत्येक न्यायाधीश, अधिवक्ता, अधिकारी एवं कर्मचारी के प्रति अपनी हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल तभी सार्थक एवं सफल माना जाएगा, यदि वे अपने पीछे ऐसी संस्था छोड़कर जाएं जो उन्हें जितनी सशक्त मिली थी, उससे थोड़ी अधिक सशक्त हो।

कार्यकाल में 50,228 मामलों का निराकरण

इस दौरान महाधिवक्ता ने उल्लेख किया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा लगभग 1,34,200 निर्णय प्रदान किए जा चुके थे, जो उनकी असाधारण कार्यक्षमता, विधिक विद्वत्ता तथा न्याय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाधिवक्ता ने यह भी रेखांकित किया कि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने 29 मार्च 2023 को के रूप में पदभार ग्रहण किया। सात माह की अवधि में 6,498 मामलों के निराकरण के रूप में देखने को मिला, जो उक्त अवधि में न्यायालय द्वारा किए गए कुल निराकरण का लगभग 22 प्रतिशत था। 29 मार्च 2023 से 01 सितंबर 2026 तक कुल 50,228 मामलों का निराकरण किया गया, जिसमें एकल बेंच के 32,600 मामले तथा खंडबेंच के 17,628 मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 369 से अधिक रिपोर्टेड एएफआर निर्णय दिए गए।

निष्पक्षता, प्रतिबद्धता व न्याय के प्रति निष्ठा

संस्थागत मूल्यों के स्थायी महत्व पर बल देते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि संस्थाएं केवल अपनी भौतिक नींव की मजबूती से नहीं, बल्कि अपने मूल्यों की मजबूती से जीवित रहती हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता, विश्वास, प्रतिबद्धता एवं न्याय के प्रति निष्ठा वे आधारभूत मूल्य हैं, जिन पर एक महान संस्था का निर्माण एवं उसका सतत विकास होता है। हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी एक सशक्त संस्था को पीछे छोड़कर जाना है। उन्होंने न्यायाधीश, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने संदेश में कहा कि वे संस्था के प्रति अपने विश्वास को कभी कम नहीं होने दें। उन्होंने उन्हें स्मरण कराया कि वे केवल किसी संगठन में कार्य नहीं कर रहे हैं, बल्कि ऐसी संस्था की सेवा कर रहे हैं, जो संवैधानिक लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभों में से एक है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमारे द्वारा धारण किया गया पद अस्थायी होता है, किंतु संस्थाओं को स्थायी रूप से बने रहना चाहिए।

14 चिकित्सकों के तबादले

कवर्धा, जशपुर व अंबिकापुर के महाविद्यालयों को मिले नए डीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और उनसे संबद्ध अस्पतालों में पदस्थ 14 चिकित्सकों की नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। विभाग की ओर से 3 सितंबर 2026 को जारी आदेश में अधिकारियों को वर्तमान जिम्मेदारी से हटाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह पदस्थापना अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। इनमें राजधानी के चिकित्सक भी शामिल हैं। सभी को 15 दिनों के अंतराल में नवीन कार्यभार संभालने कहा गया है। आदेश जारी होने के बाद कवर्धा, जशपुर और अंबिकापुर के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को नए डीन मिल गए हैं।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

चिकित्सकों की वर्तमान और नई पदस्थापना

डॉ.प्रतिभा जैन शाह प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग को रायपुर से प्रभारी अधिष्ठाता कबीरधाम, डॉ.अजय कोसाम प्राध्यापक शिशुरोग विभाग को प्रभारी अधिष्ठाता कबीरधाम से प्राध्यापक राजनांदगांव, डॉ.गोपाल सिंह कंवर प्राध्यापक मेडिसीन विभाग को कोरबा से प्रभारी अधिष्ठाता जशपुर, डॉ.एसपी कुजूर प्राध्यापक सर्जरी विभाग को अधिष्ठाता कुनकुरी जशपुर से अंबिकापुर मेडिकल कालेज, डॉ.रविकांत दास प्राध्यापक अस्थि रोग विभाग को मेडिकल कालेज रायपुर से प्रभारी अस्पताल अधीक्षक कोरबा, डॉ.अविनाश मेश्राम संचालक सह प्राध्यापक पैथोलाजी विभाग को प्रभारी अधिष्ठाता अंबिकापुर से प्राध्यापक सह संचालक दुर्ग, डॉ.आरसी आर्या प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग को प्रभारी अस्पताल अधीक्षक अंबिकापुर से प्रभारी अधिष्ठाता मेडिकल कालेज अंबिकापुर, डॉ.राकेश निगम प्राध्यापक निश्चेतना विभाग को अंबिकापुर से प्रभारी अस्पताल अधीक्षक अंबिकापुर, डॉ.एआर बेन प्राध्यापक अस्थिरोग विभाग से प्रभारी अस्पताल अधीक्षक जांजगीर चांपा से प्राध्यापक अस्थिरोग विभाग बिलासपुर मेडिकल कालेज। डॉ.ओंकार कश्यप प्राध्यापक बायोकमेस्ट्री विभाग जांजगीर चांपा को प्रभारी अस्पताल अधीक्षक मेडिकल कालेज जांजगीर चांपा। डॉ.कुलदीप सांग प्राध्यापक दंतरोग को प्रभारी अस्पताल अधीक्षक, से प्राध्यापक दंत रोग विभाग मेडिकल कालेज दुर्ग, डॉ.अमित अग्रवाल प्राध्यापक मेडिकल कालेज से प्रभारी अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग बनाया गया है। इनके अलावा डॉ.अरुणेश सिंह प्राध्यापक अस्थिरोग विभाग मनेन्द्रगढ़ को प्राध्यापक अंबिकापुर, डॉ.जयपाल चंद्रवंशी प्राध्यापक मेडिसीन विभाग को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से प्रभारी अस्पताल अधीक्षक मनेंद्रगढ़ बनाया गया है।

बरेंडीपानी के जंगल में फिर दिखा बाघ, गाय का किया शिकार

कवर्धा। जिले के चिल्फी वन क्षेत्र में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी सामने आने से वन विभाग अलर्ट हो गया है। चिल्फी वन परिक्षेत्र के बरेंडीपानी इलाके में विचरण कर रहे बाघ ने हाल के दिनों में एक गाय का शिकार किया है। बाघ द्वारा किए गए शिकार की तस्वीर वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। आबादी क्षेत्र के नजदीक बाघ की मौजूदगी और मवेशी के शिकार की जानकारी सामने आने के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार बरेंडीपानी क्षेत्र में बाघ की लगातार गतिविधियां सामने आ रही हैं।



कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./ 1594 / न.पा./ लो.नि./ 2026 रतनपुर दिनांक 01.09.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
198561	वार्षिक निविदा 2026-27 अंतर्गत (भवन / चबुतरा/नाली / सीसीरोड एवं अन्य निर्माण / मरम्मत कार्य) (द्वितीय निविदा)	50.00	21.09.2026
198563	वार्ड क्रमांक 03 में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य (महिला एवं बाल विकास) (द्वितीय निविदा)	12.00	21.09.2026
198605	वार्ड क्रमांक 08 भेड़ीमुड़ा सामुदायिक भवन में प्रथम तल निर्माण कार्य (अध्यक्ष मद) (द्वितीय निविदा)	10.75	21.09.2026
198590	वार्ड क्रमांक 03 महामायापारा के पास मुक्तिधाम उन्नयन कार्य (मुक्तिधाम योजना) (प्रथम निविदा)	24.94	25.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रतनपुर

कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / 754 / लो.क.शा./न.पं/2026-27 पुसौर दिनांक 03/09/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में)	समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़ कर)	Date of issue of Tender	Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid	Last Date for Sub-mission of physical bid	Bid Open Date
1	198832	तहसील कार्यालय से तीन तराई तालाब तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। (तृतीय निविदा)	112.73	1.00	0.03	06 माह	03.09.2026 Time 6.00 PM	15.09.2026 Time 5.00 PM	15.09.2026 Time 5.30 PM	17.09.2026 Time 11.30 AM
2	198835	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य। (चतुर्थ निविदा)	29.37	0.22	0.03	06 माह (3 महिने का ट्रायल रन)	03.09.2026 Time 5.30 PM	15.09.2026 Time 5.00 PM	15.09.2026 Time 5.30 PM	17.09.2026 Time 10.30 AM

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तों का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, श्वीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

रायपुर
शुक्रवार 4 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 45
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 24.6
न्यून. 21.7

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







पुनर्वास केंद्र से गांव लौटे 50 नक्सली, विदाई दे रहे साथियों की भीगती रहीं आंखें

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

माओवादियों के पुनर्वास का सिलसिला अब अगले चरण में पहुंचा

अलग खबर

माओवादियों के पुनर्वास का सिलसिला अब अगले चरण में पहुंच चुका है। एक राज्य से दूसरे राज्यों में समर्पण करने वाले नक्सलियों की अब अपने राज्यों में वापसी होने लगी है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में समर्पण करने वाले बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों के 50 नक्सली वापस अपने गृहग्राम के लिए रवाना हुए। इस दौरान महाराष्ट्र के समर्पित नक्सलियों ने बस्तर के साथी नक्सलियों को ऐसी विदाई दी कि उनकी आखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था।

बस्तर समेत पड़ोसी राज्यों के घने जंगलों में कभी एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों के साथ घूमने वाले तथा एक-दूसरे के लिए जान देने को तैयार रहने वाले माओवादी आज जब एक-दूसरे से बिछड़े तो विदाई की तस्वीर ऐसी थी जिसे देखकर शायद कोई भी ठिठक जाए। बीहड़ों में जो कभी बंदूक के साए में जिंदगी जीते थे आज सामान्य जिंदगी की ओर लौटते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर रोते नजर आए। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पिछले साल पूर्व माओवादी नेता वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। सुरक्षा कारणों से इन्हें गढ़चिरौली के पुलिस पुनर्वास केंद्र में रखा गया था। यहां उनकी जिंदगी की दिशा बदलने की कोशिश की गई। किसी को स्किल ट्रेनिंग दी गई, किसी को कुछ और काम दिया गया। इस दौरान कई पूर्व माओवादियों के रिवर्स नसबंदी ऑपरेशन कराए गए और कुछ माओवादी जोड़ों ने नई जिंदगी की शुरुआत शादी के साथ की।





पूर्व नक्सल लीडर ने की सभी को घर भेजने की वकालत

पुनर्वास के बाद गृहग्राम भेजे जाने की इस पूरी प्रक्रिया पर पूर्व माओवादी नेता जिनुगु नरसिम्हा रेड्डी उर्फ जम्पन्ना ने सवाल भी खड़े किए हैं। जम्पन्ना ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को लंबे समय तक पुनर्वास केंद्र में पुलिस निगरानी में रखने के बजाय आत्मसमर्पण के बाद जल्द से जल्द उनके घर भेजा जाना चाहिए ताकि वे सामान्य जिंदगी में वापस लौट सकें। कुल मिलाकर जंगल से शुरू हुआ सफर अब गांव की ओर लौट रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि कभी इन हाथों में हथियार हुआ करते थे लेकिन आज वही हाथ विदाई के वक्त एक-दूसरे को कसकर पकड़कर यह कह रहे थे- अब जिंदगी की लड़ाई बंदूक से नहीं सामान्य जिंदगी जीकर लड़नी है।

खबर संक्षेप

अभिनंदन उड़ाएंगे कमर्शियल प्लेन

नई दिल्ली। छह दशक पुराने मिग-21 बाइसन से पाकिस्तान का अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-16 मार गिराने वाले एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान भारतीय एयरफोर्स का साथ छोड़ चुके हैं। वह जल्द ही रीजनल एयरलाइंस 'फ्लाई 91' ज्वाइन करेंगे और कमर्शियल प्लेन उड़ाते नजर आएंगे। दरअसल, 27 फरवरी साल 2019 में भारत और पाकिस्तान के बीच हवाई संघर्ष हुआ, जिसमें ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने मिग-21 बाइसन से पाकिस्तान का एफ-16 फाइटर जेट मार गिराया।

नेपाल में मृतकों की संख्या बढ़कर 1252 हुई

काठमांडू। नेपाल में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित इलाकों से लगातार शव बरामद किए जा रहे हैं, जिससे मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर गुरुवार को 1,252 हो गयी है। भोटेकोशी नदी के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण फिर से बाढ़ आने का खतरा मंडरा रहा है। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास 26 अगस्त को बर्फ और चट्टानों के हिमस्खलन के कारण आई इस बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई।

चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लॉड की सेवाएं रहीं बाधित

नई दिल्ली। ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लॉड समेत प्रमुख कृत्रिम मेधा (एआई) मंच पर गुरुवार को सेवाएं बाधित रहीं। इससे दुनियाभर में हजारों उपयोगकर्ता प्रभावित हुए। यह जानकारी सेवा बाधित होने की निगरानी करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने दी। सेवा बाधित होने का असर ग्रोक और अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) पर भी दिखाई दिया।

ड्रग्स तस्करी मामले में 4 राज्यों में छापे

चेन्नई। ईडी ने दक्षिण भारत के चार राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल में एक साथ कई स्थानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई सीमा पार से जुड़े मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों से संबंधित धन शोधन जांच के तहत की गई।धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही जांच के सिलसिले में कुल 30 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इनमें तमिलनाडु के चेन्नई, तिरुनेलवेली, नागपट्टिनम, वेलांकन्नी और रामनाथपुरम; कर्नाटक के कोलार, मालूर और होसकोटे ; तेलंगाना के सेरिलिंगमपल्ली, नानकरामगुडा (हैदराबाद) और रंगारेड्डी जिले; तथा केरल के कोझिकोड, कन्नूर, मलप्पुरम और त्रिशूर स्थित परिसर शामिल हैं।

हाईवे किनारे गाड़ी रोकना पड़ेगा भारी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- टोल प्लाजा पर लगाएं कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्गों पर अतिक्रमण और गाड़ियां खड़ी करने के मुद्दे पर चिंता जताई और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से पूछा कि वे इससे निपटने के लिए टोल प्लाजा पर कैमरा निगरानी प्रणाली और निगरानी कक्ष क्यों नहीं स्थापित कर सकते।

■ शीर्ष न्यायालय ने पूछा- कैमरे से क्यों नहीं हो रही निगरानी

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ राजस्थान के फलोदी इलाके में हुई एक दुर्घटना से जुड़े स्वतः संज्ञान वाले मामले पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि राजमार्ग पर अतिक्रमण और वाहनों का खड़ा होना दो बड़ी समस्याएं हैं। एनएचएआई की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्होंने राजमार्गों पर अनधिकृत पार्किंग की जांच के लिए नियमित निरीक्षण और गश्ती के निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने कहा, आप कैमरा निगरानी प्रणाली लगाने के बारे में क्यों नहीं सोच सकते? आप सभी टोल प्लाजा निगरानी कक्ष स्थापित कर सकते हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे रोकने के लिए एनएचएआई को सख्त आदेश

अवैध पार्किंग को बताया हादसों की बड़ी वजह

अदालत की ओर से वरिष्ठ वकील एएनएस नाडकर्णी, जो एमिकस क्यूरी की भूमिका में हैं, ने हाईवे पर अवैध पार्किंग को बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे या हाईवे पर गलत तरीके से खड़ी गाड़ियां सड़क हादसों का कारण बनती हैं। खासकर तेज रफ्तार वाले हाईवे पर ऐसी गाड़ियां दूसरे वाहनों के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकती हैं।



क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में राजस्थान के फलोदी में हुए एक सड़क हादसे का खुद से संज्ञान लिया था। यह दुर्घटना दो नवंबर को हुई थी, जिसमें एक टेम्पो ट्रैवलर सड़क पर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई थी। हादसा भारत माला हाईवे पर मटोडा गांव के पास हुआ था। टेम्पो ट्रैवलर बीकानेर के कोलायत मंदिर से जोधपुर जा रही थी। इस दुर्घटना में 15 लोगों की जान चली गई थी।

छात्रों का आचरण नियंत्रित करने बीसीआई को अधिकार नहीं

इधर, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय विधिज्ञ परिषद और राज्य विधिज्ञ परिषदों के पास कानून के छात्रों का आचरण नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। कोर्ट ने साथ ही कहा कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करना संबंधित शिक्षण संस्थान का अधिकार है। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने यह आदेश हैदराबाद स्थित नालसार विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बीसीआई की कार्रवाई से जुड़े विवाद की सुनवाई करते हुए दिया।

मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे

मंत्री के काफिले की गाड़ी पर गिरा टोल का बूम बैरियर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनपुर

अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 स्थित लहपटरा टोल प्लाजा में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के काफिले की एक गाड़ी पर टोल का बूम बैरियर गिरने के बाद विवाद हो गया। गाड़ी से उतरे एक व्यक्ति ने टोल कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में शिकायत के बाद दोनों पक्ष लखनपुर थाने पहुंचे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ टोल कर्मचारी से मारपीट का वीडियो वायरल, कर्मचारी ने दी शिकायत

दोनों पक्ष थाने में, जांच करेंगे

घटना की शिकायत थाने में दी गई है और दोनों पक्ष थाने में मौजूद हैं। जांच के बाद पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी।
राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा

पहले लकड़ी की बत्ते से ट्रायल, फिर हथौड़ा मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दो दिन पहले रेलवे ठेकेदार के यार्ड के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे नाबालिग को सुपरवाइजर ने गाली गलौज कर भगा दिया। इससे नाराज नाबालिग बदला लेने के लिए पीछे से यार्ड में घुसा और सुपरवाइजर पर पहले लकड़ी के बत्ते से हमला कर ट्रायल किया। उसके बाद यार्ड से बड़ा हथौड़ा लाकर उसके सिर पर 5 बार जानलेवा हमला किया, जिससे सिर क्षतविक्षत हो गया और भेजा बाहर निकल गया। हमले से सुपरवाइजर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से 4 घण्टे में नाबालिग को पकड़ लिया है।

■ बंद यार्ड में हुई वारदात, हथौड़ा मारने से मृतक का भेजा बाहर आया

तोरवा थाना टीआई रजनीश सिंह ने बताया, बिहार आरा निवासी अनिल कुमार सिंह रेलवे में ठेकेदारी करते हैं। उनका आरपीएफ कालोनी पानी टंकी के पास बड़ा सा यार्ड है। उनके साथ बिहार आरा निवासी नरेश गुप्ता पिता रामवृक्ष गुप्ता 35 साल सुपरवाइजर का काम करते थे, वे यार्ड में रहकर चौकीदारी भी करते थे। 2 सितंबर की रात 9.30 बजे ठेकेदार श्री सिंह के यार्ड से घर जाने के बाद वे अंदर से यार्ड बंद कर सो गए।

आरक्षक की सक्रियता से पकड़ा गया नाबालिग

सीसीटीवी फुटेज में नाबालिग का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था। आरक्षक सरफराज खान ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पतासाजी शुरू की। 4 घण्टे में नाबालिग की पहचान कर ली गई, गणेशनगर चुचुहियापारा में दबिश देकर उसे पकड़ लिया गया। कड़ाई बरतने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। नाबालिग के पकड़े जाने के बाद पुलिस अमला ने राहत की सांस ली।

दो दिन पहले गाली देकर भगाया

पुलिस के अनुसार, एक माह पहले ठेकेदार श्री सिंह के यार्ड में चोरी हुई थी। चोरी के बाद सुपरवाइजर नरेश यार्ड के आसपास घूमकर रखवाली कर रहे थे। दो दिन पहले रात में नरेश ने यार्ड के पास पकड़े गए नाबालिग को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखकर उसे गाली देकर भगा दिया था। गाली देना नाबालिग को नागवार गुजरा और उसने सुपरवाइजर की जघन्य हत्या कर दी।

वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

हत्या की पुरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। 2 सितंबर की रात 11.45 बजे यार्ड के पीछे से नाबालिग सेट से कूदकर अंदर घुसा। उसके बाद सो रहे सुपरवाइजर के पास आकर लकड़ी का बत्ता उठाकर जान से मारने के लिए सिर पर वार करने का ट्रायल किया। फिर बत्ता फेंककर बड़ा हथौड़ा लेकर आया और सीधे सो रहे सुपरवाइजर के सिर पर 5 बार हमला किया। उसके बाद नाबालिग पीछे के रास्ते से भाग गया।

बिना आवेदन एक ही ओटीपी के जरिए 23 लाख का लोन हो गया पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस ए के प्रसाद की सिंगल बेंच ने एक शिक्षिका के बगैर आवेदन के, 23.07 लाख रुपए के पर्सनल लोन स्वीकृत और वितरित किए जाने के मामले में बैंकिंग लोकपाल को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बैंकिंग लोकपाल के निर्णय तक संबंधित बैंकों को शिक्षिका के खिलाफ ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ हाईकोर्ट ने बैंकिंग लोकपाल को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया



बैंकिंग लोकपाल के समक्ष भी शिकायतें

याचिका में कहा गया कि आवश्यक प्रक्रिया का पालन किए बिना केवल ओटीपी के आधार पर ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि धोखाधड़ी का पता चलने के बाद पुलिस में शिकायत की गई। मामले में थाना कोतवाली रायपुर और थाना कांकेर में 8 अप्रैल 2025 को अपराध दर्ज हुआ।

बैंक कार्रवाई के कारण आर्थिक परेशानी हो रही

याचिकाकर्ता ने खुद को कम वेतन पाने वाली कर्मचारी बताते हुए कथित ऋण और बैंक कार्रवाई के कारण आर्थिक परेशानी होने की बात कही। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षिका सुधा कौशल को 15 दिन के भीतर बैंकिंग लोकपाल, आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

शराब पीकर चलाया वाहन

कोर्ट ने दी एएसपी ऑफिस में झाड़ू पोछा लगाने की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए जांजगीर-चांपा न्यायालय का एक और जनकल्याणकारी फैसला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर-चांपा के न्यायालय ने दूसरी बार शराब पीकर वाहन चलाने के आरोपी को 15 हजार रुपए अर्थदंड के साथ 1 महीने तक एसपी ऑफिस में झाड़ू पोछा लगाने की सजा सुनाई है।

इसे संबंध में न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यातायात विभाग द्वारा आरोपी विजय सूर्यवंशी को शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश ▶▶|शेष पेज 5 पर

अभियुक्त ने पुनरावृत्ति न करने का दिया आश्वासन

अभियुक्त ने न्यायालय के समक्ष आश्वासन दिया कि भविष्य में वह इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति नहीं करेगा।
गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा न्यायालय द्वारा पूर्व में भी इस तरह के जागरूकतापूर्ण और जनकल्याणकारी निर्णय दिए जाते रहे हैं, जिससे समाज में यह संदेश जा रहा है कि मानव जीवन सर्वोपरि है और नशे की हालत में वाहन चलाकर स्वयं के और दूसरों के जीवन को संकट में डालना गंभीर अपराध है।

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के नाम 60,821 एकड़ जमीन

भगवान जगन्नाथ के खजाने में 1912 करोड़ कैश!

एजेंसी ▶▶| पुरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के बैंक खातों में लगभग 1,912 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि है। मंदिर के नाम पर देश भर में 60,821 एकड़ जमीन है। इसके अलावा मंदिर के 'रत्न भंडार' में सोने और हीरे के गहने भी रखे हैं। मंदिर प्रशासन के एक बयान से यह जानकारी मिली। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक 31 अगस्त तक तीन योजनाओं के तहत सावधि जमा में 1,811.10 करोड़ रुपये जमा थे। बयान में कहा गया है कि इसमें से 1,311.10 करोड़ रुपए



अलग-अलग सरकारी बैंकों में जमा हैं जबकि शेष 500 करोड़ रुपये ओडिशा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई अक्षय निधि है जिसे मंदिर के लाभ-हानि खाते में रखा गया है। मंदिर के पास 31 अगस्त तक अलग-अलग बचत खाते, चालू खाते और फ्लेक्सी खातों (बचत खाते और सावधि जमा के मिश्रण वाले खाते) में 100.71 करोड़ रुपए भी थे, जिससे इसकी कुल बैंक जमा राशि लगभग 1,911.80 करोड़ रुपए हो गई।

छह राज्यों में मंदिर की जमीन

मंदिर के नाम पर देश भर में 60,821 एकड़ जमीन है। इसमें से 60,426 एकड़ जमीन ओडिशा के 24 जिलों में जबकि 395 एकड़ जमीन पश्चिम बंगाल समेत छह अन्य राज्यों में है। मंदिर का सोना, हीरा और अन्य कीमती वस्तुएं कड़ी सुरक्षा के बीच 'रत्न भंडार' में रखी गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि 48 साल के अंतराल के बाद अभी इनकी सूची बनाई जा रही है।

आय का कुछ हिस्सा एफडी के रूप में

एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने कहा, आय का कुछ हिस्सा अक्षय निधि के तौर पर सावधि जमा में रखा जाता है। दूसरा हिस्सा स्थापना कोष के तौर पर सावधि जमा में रखा जाता है। बाकी बची आय को मंदिर के कोष में रखा जाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर के रोजमर्रा के खर्च मंदिर के कोष से पूरे किए जाते हैं जबकि बाकी रकम सावधि जमा में रखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी अपनी सभी संपत्ति का सही ढंग से रखरखाव करना है।

इंजीनियर के पास मिली 11 करोड़ की संपत्ति

बालाघाट। मध्यप्रदेश आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यूडी के एक कार्यपालन अभियंता के तीन ठिकानों पर छापेमारी कर अब तक करीब 11 करोड़ रुपए की बेहिसाब संपत्ति का पता लगाया। प्रकोष्ठ की तीन टीमों ने सुबह करीब छह बजे बालाघाट स्थित कार्यपालन अभियंता कमल किशोर सिंगारे के सरकारी आवास, छिंदवाड़ा और भोपाल स्थित उनके घरों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। कार्रवाई अब भी जारी है। अब तक सामने आई बेहिसाब संपत्ति का कुल मूल्य करीब 11 करोड़ रुपए आंका गया है। छिंदवाड़ा स्थित फार्महाउस में भी छापेमारी जारी है और दस्तावेजों, आभूषणों, बैंक खातों व नकदी की जांच की जा रही है।

चिंतन

हाईवे पर नियमों की सख्ती से अनुपालन बेहद जरूरी

देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। लापरवाही लोगों की जान लील रही है। ऐसा नहीं है कि देश में सुरक्षा के लिए नियमों की कमी है। गति सीमा तय है, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य हैं, भारी वाहनों के लिए पार्किंग के स्थान निर्धारित हैं और हाईवे के किनारे अतिक्रमण रोकने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इस सबके बावजूद हादसे कम नहीं हो रहे हैं। साफ है कि समस्या नियमों की नहीं, नियमों के पालन और उन्हें लागू कराने की इच्छाशक्ति की है। कागज पर सख्त नियम सड़क पर बेअसर हो जाएं तो वे हादसे रोकने के बजाय महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। हाईवे पर सबसे बड़ा खतरा तेज रफ्तार और आगे निकलने की होड़ से पैदा होता है। निर्धारित गति सीमा को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाना, अचानक लेन बदलना, गलत तरीके से ओवरटेक करना और मामूली अंतर पर कट मारना रोजमर्रा के दृश्य बन गए हैं। चालक को लगता है कि कुछ मिनट बचाने के लिए नियम तोड़ना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन यही कुछ मिनट कई बार जिंदगी भर का पछतावा दे जाते हैं। तेज रफ्तार में हुई एक छोटी-सी चूक का परिणाम केवल चालक नहीं, सड़क पर चल रहे दूसरे निर्दोष लोगों को भी भुगतना पड़ता है। हाईवे की दूसरी बड़ी विडंबना यह है कि जिस सड़क पर वाहनों को सुरक्षित गति से चलना चाहिए, उसी के किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण खतरे खड़े कर दिए जाते हैं। सड़क किनारे खड़े ट्रक और दूसरे भारी वाहन, अनधिकृत ढाबे-दुकानें और सड़क की सीमा में बने अवैध ढांचे यातायात की जगह और दृश्यता दोनों छीन लेते हैं। रात में बिना पर्याप्त रोशनी के खड़ा भारी वाहन किसी चालक के लिए अचानक सामने आई मौत की दीवार बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने टोल प्लाजा पर कैमरे लगाकर हाइवे की निगरानी और अलग निगरानी कक्ष बनाने का सवाल उठाकर एक अहम कमी की ओर ध्यान दिलाया है। कैमरे लगाना समाधान का केवल पहला चरण है। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें कैमरे लगातार देखे जाएं, नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान हो और सूचना मिलते ही कार्रवाई हो। निगरानी ऐसी होनी चाहिए कि नियम तोड़ने वाला बच न सके और लापरवाही करने वाले अधिकारी की भी जवाबदेही तय हो। हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर भी यही स्थिति है। ये पुलिस से बचने या चालान से छुटकारा पाने के साधन नहीं, जिंदगी बचाने वाले सुरक्षा कवच हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग इनकी अनदेखी करते हैं। प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़क की डिजाइन, संकेतक, रोशनी, कट, पार्किंग और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित मानकों के अनुरूप हों। ब्लैकस्पॉट की पहचान और सूची बनाना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन स्थानों को वास्तव में सुरक्षित बनाया जाए। किसी जगह को हादसों वाला क्षेत्र घोषित करके जिम्मेदारी खत्म नहीं हो सकती। वहां कारण खोजने और स्थायी सुधार करने होंगे। इसी तरह हाइवे के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार करके छोड़ देने के बजाय लगातार निगरानी रखनी होगी, वरना कुछ ही समय में वही स्थिति फिर लौट आएगी। इसलिए अब जरूरत निर्देशों की लंबी सूची बनाने से ज्यादा उनके कठोर और निष्पक्ष अनुपालन की है। गति सीमा का उल्लंघन हो या गलत ओवरटेकिंग, अवैध पार्किंग हो या अतिक्रमण, हेलमेट-सीट बेल्ट की अनदेखी हो या निगरानी तंत्र की कमजोरी हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। नियमों का डर और सुरक्षा की समझ, दोनों साथ चलेंगे तभी हाईवे सचमुच सुरक्षित होंगे।



आस्था

महेन्द्र तिवारी

राम मंदिर न्यास में नए नेतृत्व से उम्मीदें

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि उस नई सोच का परिचायक है, जिसमें आस्था के साथ सुशासन, परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था और संस्कृति के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया जा रहा है। बिहार के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक न्यास की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी तक पहुंचना इसी विश्वास को मजबूत करता है। बिहार और अयोध्या का संबंध भारतीय संस्कृति में अत्यंत गहरा और पवित्र रहा है। मिथिला माता सीता की जन्मभूमि है और अवध भगवान राम की जन्मभूमि। यही कारण है कि रामायण की परंपरा में मिथिला और अयोध्या सदैव एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज जब राम मंदिर के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर बिहार से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो अनेक लोगों को उसमें उसी सांस्कृतिक एकात्मता की आधुनिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का स्वरूप आज विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो चुका है। प्रतिदिन हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इतनी विशाल संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात समन्वय और मूलभूत सुविधाओं का संचालन अत्यंत जटिल कार्य है। इसके साथ ही मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि का पारदर्शी उपयोग, निर्माणाधीन परियोजनाओं का संचालन और भविष्य की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह धार्मिक भावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करे जो विश्वस्तरीय मानकों पर खरी उतर सके। आधुनिक समय में किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की सफलता केवल उसकी भव्यता से नहीं, बल्कि उसकी व्यवस्थाओं से मापी जाती है। श्रद्धालु आज सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान तीनों की अपेक्षा रखते हैं। दर्शन के लिए लंबी प्रतीक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय अब मंदिर प्रशासन के केंद्र में हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग अनिवार्य हो गया है। डिजिटल व्यवस्था, पारदर्शी सूचना प्रणाली और सुव्यवस्थित सेवा प्रबंधन मंदिर को भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। इस नियुक्ति का एक सामाजिक संदेश भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बड़े संस्थानों का नेतृत्व केवल विशेष वर्गों या प्रभावशाली पृष्ठभूमि के लोगों तक सीमित रहता है। अयोध्या का विकास आज केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं है। इसे वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर कार्य हो रहा है। नए परिवहन मार्ग, विस्तृत सड़कें, आधुनिक रेलवे सुविधाएं, हवाई संपर्क और नगर सौंदर्यीकरण के साथ अब पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक विषय बन गया है। सरयू नदी की स्वच्छता, हरित क्षेत्र का विस्तार, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ विकास की योजनाएं अयोध्या के भविष्य को निर्धारित करेंगी। मंदिर प्रशासन को स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रकृति दोनों का संतुलन बना रहे। स्थानीय अर्थव्यवस्था भी राम मंदिर से गहराई से जुड़ी हुई है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, फूल विक्रेताओं, प्रसाद निर्माताओं, परिवहन सेवाओं और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यदि इन अवसरों को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाए तो अयोध्या केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी उदाहरण बन सकती है। नए नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में भी गंभीर पहल करेगा। न्यास की भूमिका केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। भविष्य में बड़े अस्पताल, शोध संस्थान, पुस्तकालय और भारतीय संस्कृति के अध्ययन केंद्र जैसी योजनाएं समाज को व्यापक लाभ पहुंचा सकती हैं। इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय अनुशासन, दीर्घकालिक योजना और कठोर जवाबदेही आवश्यक होगी। दान देने वाले करोड़ों श्रद्धालु यह विश्वास रखना चाहते हैं कि उनकी आस्था समाज कल्याण में सार्थक रूप से परिवर्तित हो रही है। पारदर्शिता आज किसी भी सार्वजनिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मंदिर प्रशासन को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिसमें प्रत्येक आर्थिक निर्णय स्पष्ट हो, प्रत्येक परियोजना की प्रगति सार्वजनिक हो और प्रत्येक दानदाता को विश्वास हो कि उसका योगदान उचित दिशा में उपयोग हो रहा है। सूचना तकनीक के माध्यम से विश्वभर के रामभक्तों को मंदिर की गतिविधियों, धार्मिक अनुष्ठानों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल विश्वास बढ़ेगा, बल्कि मंदिर की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी। यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि किसी भी बड़े संस्थान का वास्तविक मूल्य उसके भवनों से नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति से तय होता है। यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी होगा तो मंदिर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का भी अनुभव करेगा। यही वह भावना है जिसे भारतीय परंपरा रामराज्य का आधार मानती श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में नया नेतृत्व वस्तुतः एक नए प्रशासनिक युग की शुरुआत का संकेत है। यह निर्णय बताता है कि भारत की सबसे बड़ी आस्था को अब आधुनिक प्रबंधन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सफलता का वास्तविक पैमाना यही होगा कि अयोध्या विश्व के सबसे अनुकरणीय आध्यात्मिक नगरों में स्थान प्राप्त करे, जहां धर्म और व्यवस्था, श्रद्धा और सेवा, परंपरा और प्रगति एक साथ विकसित होते दिखाई दें।



(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्व

सच्चिदानंद वर्मा



जन्माष्टमी का वास्तविक उत्सव अपने हृदय में मनाएं

जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र और प्रसिद्ध त्योहार है,जो हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र थे। उनका जन्म मथुरा की एक कारागार (कंस के कारावास) में हुआ था। अपने मामा कंस के अत्याचारों से मथुरावासियों को मुक्ति दिलाने के लिए उनका जन्म हुआ था। जन्माष्टमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण का आह्वान भी है। यह हमें याद दिलाता है कि जैसे श्रीकृष्ण ने अपने पुरुषार्थ से देवत्व को पाया, वैसे ही हम भी ज्ञान और योग के मार्ग पर चलकर अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। जब हम भगवान श्रीकृष्ण के साथ अधिकाधिक समस्वर होने का प्रयास करते हैं तो जन्माष्टमी का उत्सव हमारे हृदयों और आत्माओं के भीतर मनता है। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ योगी कथामृत के लेखक परमहंस योगानन्द ने गीता की अपनी व्याख्या, "ईश्वर-अर्जुन संवाद," में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमर सन्देश के सच्चे अर्थ की विस्तृत व्याख्या की है। योगानन्द बताते हैं कि महाभारत के नाम से प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध का वास्तविक महत्व उन आन्तरिक संघर्षों में निहित है जिनका सामना प्रत्येक मनुष्य को निरन्तर अपने मन में करना पड़ता है। मानवीय जीवन के प्रत्येक खण्ड में स्वयं हमारी अच्छी प्रवृत्तियों और बुरी प्रवृत्तियों को परस्पर युद्ध करना पड़ता है। अन्ततः अच्छाई की विजय और बुराई की पराजय होती है, परन्तु इसके लिए हमें ईश्वर के निकट जाने के लिए दृढ़ प्रयास करना और उसके परिणामस्वरूप भौतिक संसार के प्रति सभी आसक्तियों को त्यागना आवश्यक है। जन्माष्टमी के इस दिवस पर हम सबको अपने अन्तरतम् में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण को जाग्रत करने का प्रयास करना चाहिए। जहां हमारी ऊर्जा होती है, वहीं हमारी चेतना होती है। यदि इसके प्रवाह को अंतर्मुखी कर दिया जाए तो उसी अंतर्मुखी, निर्लिप्त मन के माध्यम से हम प्रेम के उस अनंत स्रोत तक पहुंच सकते हैं जो हमें कृष्ण चैतन्य का अनुभव करा सकता है, जहां श्रीकृष्ण हमारी चेतना में जन्म लेते हैं। जन्माष्टमी कृष्ण के जन्म का उत्सव है। जब हम उनके जन्म का जश्न मनाते हैं, तो हम अपने दिलों में उनकी उपस्थिति के जन्म के लिए भी प्रार्थना कर सकते हैं। कृष्ण की बांसुरी आज भी पुकारती है। इसकी आवाज़ बाहर के शोर-शराबे में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में सुनाई देती है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर मुड़ते हैं, तो हम वह जान सकते हैं जिसे कृष्ण ने अर्जुन - और हम सभी - में जगाने का प्रयास किया था, जीने का साहस, कर्म करने की बुद्धिमत्ता और अपने सच्चे दिव्य स्वरूप को जानने का आनंद। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महान योगी परमहंस योगानंद के विचार अत्यंत गहरे, दार्शनिक और आध्यात्मिक रूप से व्यावहारिक हैं। योगानंद ने भगवान कृष्ण को केवल एक ऐतिहासिक महापुरुष या पौराणिक चरित्र नहीं माना, बल्कि उन्हें दिव्य प्रेम और आनंद का अवतार तथा योगेश्वर के रूप में देखा है। भगवद्गीता पर अपनी प्रसिद्ध व्याख्या गॉड टॉक्स विद अर्जुन में उन्होंने कृष्ण के जीवन और संदेश के सूक्ष्म आध्यात्मिक अर्थों को उजागर किया है। जन्माष्टमी का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी उत्सव मनाना या उपवास रखना नहीं है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है, अपने भीतर कृष्ण चेतना को जाग्रत करना। जब एक साधक गहरे ध्यान में उतरता है, तो उसके शांत मन रूपी गर्भ में ईश्वर के आनंद और दिव्य प्रेम का जन्म होता है। यही वास्तविक जन्माष्टमी है। सही मार्ग सक्रियता में ध्यान और ध्यान में सक्रियता (संतुलित जीवन) का है। कर्तव्य कर्म करते हुए भी मन को निरंतर ईश्वर में स्थिर रखना ही कृष्ण का वास्तविक संदेश है। भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता में जिस राजयोग और निष्काम कर्मयोग की बात की है, वह वास्तव में क्रिया योग का ही प्राचीन विज्ञान है। ध्यान और वैज्ञानिक योग तकनीकों के माध्यम से सांसों और मन को नियंत्रित करके ही अर्जुन की तरह जीवन के कुरुक्षेत्र (आंतरिक विकारों और अच्छाइयों के युद्ध) में विजय प्राप्त की जा सकती है। ईश्वर के आंतरिक आनंद के बिना कर्म करना नरक के समान कष्टकारी हो सकता है। जब कोई ध्यान के माध्यम से ईश्वर के आनंद को छू लेता है, तो वह जहाँ भी जाता है, अपने भीतर एक चलती-फिरती स्वर्ग लेकर चलता है। योगानंद ने सिखाया कि इस जन्माष्टमी पर हमें भगवान कृष्ण से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम उनके संतुलित जीवन के उदाहरण को अपना सकें। इस पावन समय में ध्यान और भक्ति के द्वारा उनकी नित्य-वर्तमान उपस्थिति और अनन्त प्रेम का अनुभव करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

वार्ता से निकल सकता है समस्या का हल



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा- ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा- पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला- तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

अंतर्मन



आज की पाती

कितनी सुरक्षित हैं महिलाएं व बालिकाएं?

हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना के आरोपी बस चालक और कंडक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा बस को भी जब्त कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर देश में महिलाएं और बालिकाएं कितनी सुरक्षित हैं? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिस बस में यह हैवानियत हुई, वह करीब 47 किलोमीटर तक चलती रही, लेकिन इस दौरान न तो बस को किसी चेकपोस्ट पर रोका गया और न ही किसी स्तर पर ऐसी कोई निगरानी सामने आई जिससे इस अपराध को समय रहते रोका जा सकता। - *सुनील चौबे, धमतरी*

ट्रेंड

भारत और बेल्जियम



भारत और बेल्जियम के संबंध एक नए और बड़े लक्ष्य वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बातचीत के दौरान, हमने व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।
-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा



दिल्ली, 5,088 बसों के देश के सबसे बड़े ईवी बस बेड़े के साथ भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में सबसे आगे है। आज 50 और ई-बसों और नई दिल्ली-रेवाड़ी सर्विस के शुरू होने से यात्रियों को साफ़-सुथरी यात्रा, बेहतर कनेक्टिविटी और मज़बूत पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क मिलेगा।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

चुनौतियों का सामना



एलबीपीए असम पूरे भारत से पुलिस बलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां साइबर क्राइम से लेकर डिजिटल धोखाधड़ी जैसी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए ट्रेनिंग को बेहतर बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य एक नेशनल एकेडमी बनाना है।
- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

शुद्धिकरण की रस्म



हल्द्वानी की घटना सीधे तौर पर छुआछूत का मामला है। हल्द्वानी में शुद्धिकरण की रस्मों के ज़रिए दलितों को यह संदेश दिया गया कि 'हम श्रेष्ठ हैं और वे निचली जाति के हैं', इसलिए यह शुद्धिकरण किया गया।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीन में अकादमिक कदाचार पर कार्रवाई, चार प्रोफेसर हटाए

चीन ने अकादमिक कदाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करते हुए चार प्रमुख शिक्षाविदों को उनके पद से हटा दिया है और विश्वविद्यालयों तथा अस्पतालों के 40 से अधिक शोधकर्ताओं के खिलाफ जांच शुरू की है। हांगकांग से प्रकाशित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि चीन के राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफसी) ने 26 अगस्त को देशभर के विश्वविद्यालयों और अस्पतालों में अकादमिक कदाचार के 31 नए मामलों का विवरण जारी किया। इन मामलों में 40 से अधिक शोधकर्ता शामिल हैं। एनएसएफसी की यह घोषणा चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा अकादमिक कदाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आह्वान करने के करीब दो महीने बाद की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चार प्रमुख शिक्षाविदों को अपने पद गंवाने पड़े। हाई-प्रोफाइल ब्लॉगर और पीएचडी की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके छात्र गेंग ने अप्रैल में सार्वजनिक रूप से इन शिक्षाविदों के नाम उजागर किए थे और उनके शोध में कथित कदाचार की ओर ध्यान दिलाया था। इन चारों शिक्षाविदों को राष्ट्रीय उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान कोष से सम्मानित किया जा चुका है।



ऑफ बीट

22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम

विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जीडीपी पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव (संचार) और सांसद जयराम रमेश ने अप्रैल-जून 2026 की तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था की 7.8 प्रतिशत वृद्धि दर के सरकारी दावे पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर आंकड़े की गणना के तरीके को देखा जाए तो पूरी तस्वीर डांवाडोल नजर आती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

लूप लाईनों का निर्माण हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचनाः CPM/ELECT/TGQ-26-27-04 (सिंगल पैकेट)

कार्य का नामः "टेंगनमाडा (टी.जी.क्यू.) स्टेशन यार्ड में मौजूदा लूप लाइन (दोनों छोर पर यानी बिलासपुर और कटनी छोर पर) की ओवर रन लाइन का विस्तार करके अप ग्रिड में 02 लंबी लूप लाइनों का निर्माण।" **निविदा मूल्यः** ₹ 1,24,59,529.56 (₹ एक करोड़ चौबीस लाख उनसठ हजार पाँच सौ उनतीस रूपये एवं छप्पन पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 2,49,200.00 (₹ दो लाख उन्चास हजार दो सौ मात्र)। **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 12 (बारह) माह।

निविदा बंद होने की तिथि व समयः 18.09.2026 को 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि व समयः 18.09.2026 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु कृपया मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिनः 495004 में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उसे डाउन लोड कर/ देख सकते हैं।

उप मुख्य विद्युत इंजी./परियोजना/सीपीआर/10/पीएच/377 **बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail

अगले 10 वर्षों के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के रणनीतिक रोडमैप-विजन को करता प्रदर्शित

राजनाथ ने किया वैश्विक साझेदारी के कूटनीतिक दस्तावेज 'रक्षा' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारत की आगामी एक दशक की वैश्विक रक्षा साझेदारी के कूटनीतिक दस्तावेज 'रक्षा' का विमोचन किया है। जो इस 10 साल की अवधि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली रक्षा साझेदारियों को लेकर देश के रणनीतिक रोडमैप और विजन की रूपरेखा को भली भांति प्रदर्शित करता है। जिसकी मदद से कहीं न कहीं भारत यह भी सुनिश्चित करता है कि बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में शांति, स्थिरता और नियम आधारित व्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बना रहे। इस बाबत आयोजित किए गए कार्यक्रम में सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन सहित रक्षा, विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



दस्तावेज से जुड़े मुख्य स्तंभ

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह दस्तावेज देश के रणनीतिक प्रतिबद्धता में एक बदलाव को प्रदर्शित करता है। साथ ही इसमें रणनीतिक ढांचे से जुड़े जिन मुख्य स्तंभों को शामिल किया गया है। उनमें रणनीतिक साझेदारी, क्षमता विकास, स्वदेशी निर्यात और समुद्री सुरक्षा मुख्य हैं। रणनीतिक साझेदारी में द्विपक्षीय-बहुपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूती प्रदान की जाएगी। जबकि क्षमता विकास में संयुक्त सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। स्वदेशी निर्यात में देश में निर्मित रक्षा प्लेटफार्म को बढ़ावा देकर उसे एक विश्वसनीय वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। समुद्री सुरक्षा के मामले में हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता और सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में भारत की उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

SECL/RGH/GM/L&R/26/98 **आम सूचना** दिनांक: 11.08.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र की बिजारी खुली खदान हेतु भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एंड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें ग्राम – रुमकेरा, तहसील – घरघोड़ा, जिला – रायगढ़ के निम्नलिखित भू–प्रभावित द्वारा अपने प्रत्यक्ष आश्रितों के नौकरी हेतु आवेदन पत्र एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया है। आवेदन में भूमि के खातेदार/विधिक वारिशानों द्वारा संलग्न किये गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाई गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

स.क्र.	स्टे. V&IA के अनुसार भू-स्वामी का नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम	खसरा क्रमांक	रकबा (हे. में)	नामांकन पत्र के अनुसार आश्रित उम्मीदवार का वास्तविक नाम	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार के व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम	टिप्पणी
1	पुरषोत्तम व. इंजोर, इंदल व. हीराधन, धरमसिंह व. गोवर्धन बानो व. गोवर्धन भायो व. गोवर्धन गुरुवारी व. गोवर्धन, सियाराम व. लोहार सिंह,	**1. नामांकन पत्र में नामः-** कुमारी बेवा पुरुषोत्तम, ना.बा. संजय पिता पुरुषोत्तम, इंदल उर्फ इंदल सिंह व. हीराधन, धरम सिंह राठिया उर्फ धरम सिंह व. गोवर्धन राठिया उर्फ गोवर्धन, बानो (पिता गोवर्धन) पति रंगु राम राठिया उर्फ बानो व. गोवर्धन, मायो (पिता गोवर्धन) पति मत्थू राठिया उर्फ मायो व. गोवर्धन, गुरुवारी (पिता गोवर्धन) पति गंभीर राठिया उर्फ गुरवारी व. गोवर्धन, ननकी राठिया पति लोहर सिंह उर्फ मु. ननकी बेवा लोहार सिंह, पनियासो राठिया पति हेतराम राठिया उर्फ पनियासो बेवा हेतुराम, कुमारी राठिया पति विशम कुमार उर्फ विशम कुमार, ना.बा. करन राठिया पिता विशम राठिया, पीताम्बर राठिया उर्फ पीताम्बर व. हेतुराम राठिया उर्फ हेतुराम, सुखमती राठिया बेवा जहाज राम राठिया उर्फ जहाज राम, ना.बा. जीगर राठिया पिता जहाजराम राठिया उर्फ जहाज राम, सहनी राम व. मानसिंह, सोहन राठिया उर्फ सोहन सिंह व. मानसिंह, बेदकुंवर राठिया बेवा मानसिंह राठिया उर्फ मु. बेदकुंवर बेवा मानसिंह, ललिता (पिता चमरा) पति घसियाराम उर्फ ललिता पिता चमरा, बसंती राठिया (पिता चमरा) पति रामलाल राठिया उर्फ बसंती पिता चमरा **2. वंश वृक्ष में नामः-** कुमारी बेवा पुरुषोत्तम, ना.बा. संजय पिता पुरुषोत्तम, इंदल व. हीराधन, धरमसिंह व. गोवर्धन, बानो व. गोवर्धन, मायो व. गोवर्धन, गुरवारी व. गोवर्धन, ननकी बेवा लोहर सिंह, पनियासो बेवा हेतराम उर्फ हेतुराम, कुमारी बेवा विशम कुमार, ना.बा. करनकुमार पिता विशम कुमार पीताम्बर व. हेतराम उर्फ हेतुराम, पीताम्बर पिता हेतराम उर्फ हेतुराम, सुखमती राठिया बेवा जहाजराम, ना.बा. जिगर पिता जहाजराम, सहनीराम व. मानसिंह, सोहन राठिया व. मानसिंह, वेदकुंवर बेवा मानसिंह, ललिता पिता चमरा, बसंती पिता चमरा **3. राजस्व आदेश में नामः-** मु. कुमारी बेवा पुरुषोत्तम, संजय राठिया पिता पुरुषोत्तम, इन्दल सिंह व. हीराधन, धरम सिंह व. गोवर्धन, बानो, मायो, गुरबारी पुत्री गोवर्धन, मु ननकी बेवा लोहारसिंह, मु. पनियासो बेवा हेतुराम, विशम राठिया पिता हेतुराम, पीताम्बर पिता हेतुराम, मु. सुकमति राठिया बेवा जहाज राम, ना.बा. जिगर राठिया व. जहाजराम, सहनीराम व. मानसिंह, सोहनसिंह व. मानसिंह, मु. बेदकुंवर बेवा मानसिंह, ललिता पुत्री चमार उर्फ चमरु, बसंती पुत्री चमार उर्फ चमरु **4. राजस्व दस्तावेजों/नामांतरण पंजी में नामः-** मु. कुमारी बेवा पुरुषोत्तम, ना.बा. संजय पिता पुरुषोत्तम, पा. माँ कुमारी बेवा पुरुषोत्तम, इन्दल सिंह उर्फ इंदल व. हीराधन, धरम सिंह व. गोवर्धन, बानो पुत्री गोवर्धन, मायो पुत्री गोवर्धन, गुरवारी उर्फ गुरबारी उर्फ गुरुवारी उर्फ गुरुबारी पिता गोवर्धन, मु. ननकी उर्फ ननकी बेवा लोहार सिंह उर्फ लोहरा सिंह तथा मु. ननकी बेवा मानसिंह, सहनी राम उर्फ सहनी उर्फ शहनी पिता मानसिंह, सोहन सिंह उर्फ सोहन राठिया पिता मानसिंह, मु. बेदकुंवर उर्फ बेदकुंवर बेवा मानसिंह, ललिता उर्फ ललित पिता चमरा, बसन्ति उर्फ वसंती पिता चमरा **5. आधार कार्ड में नामः-** कुमारी W/o पुरुषोत्तम, संजय S/o पुरुषोत्तम, इंदल आ. हिराधन, धरम सिंह राठिया आ. गोवर्धन राठिया, बानो पति रुंगु राम राठिया, मायो पति मत्थु राठिया, गुरबारी राठिया पति गमीर राठिया, ननकी राठिया आ. लोहर सिंह, पनियासो राठिया पति हेत राम राठिया, कुमारी राठिया पति बिशम कुमार राठिया, करन राठिया पिता विशम राठिया, सुखमती राठिया पति जहाज राम राठिया, जीगर राठिया माता सुखमती राठिया पिता जहाज राम राठिया, सहनी राम आ. मानसिंह, सोहन राठिया आ. मानसिंह, बेद कुंवर राठिया पति मान सिंह राठिया, ललीता पति घसिया राम, बसंती राठिया पति राम लाल राठिया **6. परिचय पत्र में नामः-** कुमारी पति कुरसतराम, संजय राठिया पिता फुरसत राठिया, इन्दल सिंह राठिया पिता हीराधन राठिया, धरमसिंह राठिया पिता गोबरधन राठिया, बानो पति रुंगुराम राठिया, मायो पति मत्थु राठिया, गुरबारी राठिया पति गमीर राठिया, ननकी राठिया माता सियाराम राठिया, पनियासो राठिया पति हेतराम राठिया, पीताम्बर राठिया पिता हेतुराम राठिया, सुकमोती राठिया पति जहाज राम राठिया, सहनी राम पिता मानसिंह, सोहन पिता मानसिंह, बेदकुंवर राठिया पति मानसिंह राठिया, ललीता राठिया पति घसिया राठिया, बसन्ती राठिया पति रामलाल राठिया **7. राशन कार्ड में नामः-** कुमारी पति कुरसतराम, संजय, इंदल राठिया उर्फ इंदल सिंह राठिया, धरमसिंह राठिया, बानो उर्फ पनमोती राठिया पति रुंगु राम राठिया, मायो उर्फ मांगमती पति मत्थुराम, गुरवारी राठिया पति गंभीर राम, ननकी राठिया पति लोहार राठिया, पनियसो राठिया पति हेतुराम, सुखमति राठिया पति जहाज राम राठिया, जीगर राठिया, सहनी राम, सोहन राठिया, बेद कूवर राठिया, ललिता पति घसिया राठिया, बसंती राठिया पति रामलाल **8. बैंक पासबुक/चेक में नामः-** कुमारी बाई W/o पुरुषोत्तम, संजय S/o पुरुषोत्तम, इंदल सिंह राठिया व. हीराधन, धरमसिंह पि. गोवर्धन, बानो पि. गोवर्धन, मायो पिता गोवर्धन, गुरुबारी पि. गोवर्धन, सियाराम, ननकी	34 127 --- कुल–02	0.878 0.817 --- 1.695 हे. = 4.19 एकड़	1) तीजराम पिता धरमसिंह 2) गुणनिधेश राठिया पिता उसतन	**1. नामांकन & वंश वृक्ष में नामः-** तीजराम पिता धरमसिंह, गुणनिधेश राठिया पिता उसतन उर्फ उसतन राठिया **2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नामः-** तीजराम पिता धरम सिंह, गुणनिधेश राठिया पिता उसतन **3. आधार कार्ड में नामः-** तीजराम पिता धरम सिंह, गुणनिधेश राठिया पिता उसतन राठिया **4. परिचय पत्र में नामः-** तीजराम पिता धरम सिंह, गुणनिधेश राठिया पिता उसतन राठिया **5. राशन कार्ड में नामः-** तीजराम राठिया, गुणनिधेश राठिया **6. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र में नामः-** तीजराम पिता धरम सिंह, गुणनिधेश पिता उसतन राठिया	भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत।

उपरोक्त तालिका में दर्शित व्यक्ति के नाम एवं नामांकित व्यक्तियों के रोजगार के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू-राज.), एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र

इंडियनऑयल CIN-L23201MH1959GOI011388 IndianOil

सर्वो स्टॉकिस्ट के लिए पैनल के लिए रुचि की अभिव्यक्ति

भारतीय सलुब्रिकेंट्स व्यवसाय में अग्रणी के साथ जुड़ने का एक रोमांचक अवसर।

इंडियनऑयल नवीनतम फॉर्च्यून 'ग्लोबल 500' लिस्टिंग में सबसे ऊंची रैंक वाली भारतीय कंपनियों में से एक है। इंडियनऑयल का *SERVO®* भारत में स्नेहक और ग्रीस के बीच ब्रांड लीडर है और इसे सुपरब्रांड्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा "उपभोक्ता सुपरब्रांड" का दर्जा प्रदान किया गया है।

इंडियन ऑयल व्यावसायिक भागीदारों के रूप में गतिशील और ऊर्जावान उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करके संस्थागत/पुनर्विक्रेता खंड (बी2बी और बी2सी) में *SERVO®* लुब्रिकेंट्स के वितरण चैनल को मजबूत करने की प्रक्रिया में है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सर्वो स्टॉकिस्ट-इंस्टीट्यूशनल/पुनर्विक्रेता के रूप में काम करने के लिए अखिल भारतीय आधार पर संभावित पार्टियों को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव किया है।

एनआईटी नंबर	आवेदन अवधि
एनआईटी नंबर – HO/Lubes/2026-27/1 सर्वो स्टॉकिस्ट के लिए एम्पैनलमेंट हेतु ईओआई	आवेदन दस्तावेज डाउनलोड 04.09.2026 (11:00 बजे से) से शुरू होता है। भौतिक आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 05.10.2026 (16:00 बजे तक)
संपर्क व्यक्ति	
श्री सागर कोंडागुली मुख्य प्रबंधक (एलआरएस), एचओ मुंबई	svkondaguli@indianoil.in, मोबाइल नंबर 9449596950

इच्छुक आवेदक https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp (शुरुआती राज्य चुनें : महाराष्ट्र) से आवेदन पत्र और दिशानिर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। एनआईटी/आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र एनआईटी में उल्लिखित पते पर अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, भी उसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

भाजपा शासित 14 राज्यों के 25 जल शक्ति मंत्रियों ने किया 'जल मंथन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास बातें

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उद्बोधन से प्रारंभ हुई कार्यशाला
- भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास सुशासन और पॉलिसी रिसर्च के लिए समर्पित विभाग है, जो सरकारों के बेहतर कामकाज में निरंतर सहयोग करता है: सहस्त्रबुद्धे

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने गुरुवार को नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित किया और बताया कि भाजपा के सुशासन एवं पॉलिसी रिसर्च विभाग द्वारा भाजपा शासित राज्यों के जल शक्ति मंत्रियों के लिए 'जल मंथन' कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें प्रभावी मंत्री-व्यवस्था, भारत के जल संसाधनों के परिदृश्य तथा संगठन-सरकार संबंधों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य मंत्रियों की कार्यक्षमता बढ़ाना, सरकारों को बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करना और सुशासन के लक्ष्य को मजबूत करना है।

विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास सुशासन और पॉलिसी रिसर्च के लिए एक अलग विभाग है। मैं पिछले एक दशक से अधिक समय से इस विभाग की देखरेख कर रहा हूं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

आवश्यकता

आवश्यकता है- एडवरटाइजिंग एजेंसी में शोशल मीडिया में मोबाइल से रील बनाने हेतु 10 पास लड़के/लड़कियों की आवश्यकता हैं,स्वयं का वाहन आवश्यक (पचपेड़ी नाका के आस पास वाले को प्राथमिकता) **मोबाइल** 9827146567. (आरे-269)

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:-** 9993011757 / 9893132000.(आरे-420)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – **केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.** (आरे-309)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान मै लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः ***आशीष शुभम् मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाजार राजबंधा मैदान रायपुर 8103981038.**(आरे-271)

क्लासीफाईड

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर** 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरे-815)

आवश्यकता है- रायन इंटरनेशनल स्कूल (रहेजा अपार्टमेंट के पास, अवन्ति विहार, रायपुर) में सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है, 12-घंटे ड्यूटी। **संपर्क-मोबाइलः** 8319204585. (आरे-16580)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड-8, स्थान आरंग टोल, वेतन 8 घंटे -13000, 12 घंटे - 15000, ई .पी. एफ, मेडिकल परिवार सहित **संपर्क मो -** 7869284963, 0788-3556724, 9329280863. (आरे -329)

ड्रायवर/फिटर/मिस्त्री

आवश्यकता है- राधा होम फर्नीचर दुर्ग मे कार ड्राइवर /फिटर /बढ़ाई /मिस्त्री /सफाई कर्मचारी, गोदाम कर्मचारी की आवश्यकता है महिला /पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है अच्छी सेलरी संपर्क 10.30 से 12.30 बजे तक सोंध **काम्प्लेक्स नागपुर बाईपास पुल धमधा रोड मो** 9098083132.(आरे-330)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- नौकरी का सुनहरा अवसर श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के तेंदुआ स्थित पेट्रोल पंप हेतु स्टाफ की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क:-** 9329798983, 9755098983. (आरे-067)

चपरासी/ड्रायवर/कुक

आवश्यकता है- सरोना चौक के नजदीक लॉजिस्टिक पार्क स्थित ऑफिस में क्लीनिंग /चाय पानी हेतु 01 चपरासी, 01 ई रिक्शा ड्राइवर, 01 कुक, 01 मेहनती लड़का (दतरेंगा परसदा फार्महाउस हेतु चौकीदार) की आवश्यकता है। 8871117007, 1869187165.(आरे-4166)

ऑपरेटर/मुंशी

आवश्यकता है- रावांभाटा (धनेली) स्थित अरवा राईस मिल हेतु : 1. Computer operator (Tally Data Entry) 2. गोदाम मुंशी (supervisor) 3. मिल मिस्तरी (ऑपरेटर) **संपर्क :** 7987974445. (आरे-16)

होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल में कार्य हेतु ऑलराउंडर कुक किचन सुपरवाइजर, रिसेप्शनिस्ट, हाउस कीपिंग स्टॉफ सुपरवाइजर, बेल ब्वॉय/गर्ल्स चाहिए। **सम्पर्क करें- होटल रॉयलरामा, पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर** 9327334481, 9826807980. (आरे-bsp)

हरिभूमि क्लासीफाईड

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

मशीन ऑपरेटर

आवश्यकता है- भनपुरी में बोल्ट बनाने की फैक्ट्री के लिए मशीन ऑपरेटर एवं फोरमैन की आवश्यकता हैं,वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करे - मोबाइल** 7909967535, 9399374912. (आरे-272)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। **स्थानः बाराडेरा- धनसुली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो.** 7024347173.(आरे-064)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घर में (घरेलु) कार्य हेतु लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी व रायपुर निवासी को प्राथमिकता। खाना, रहना,मेडिकल फ्री वेतन 12,000/- प्रतिमाह **संपर्क करे :-** 9814044047.(आरे-7630)

ड्रायवर/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- दुर्ग रायपुर स्टाफ बस के लिए ड्राइवर और सुपरवाइजर की आवश्यकता है आधार ,ड्राइविंग लाइसेंस व्हाट्सएप करें **पता बस स्टैंड दुर्ग** 9343322450, 7385600786, 9424125786.(आरे -1358)



Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 वर्गफुट। **सम्पर्क करें-** 7898855268. (RO-41750)

For Rent किराया

किराये से देना है - विवेकानन्द सरोवर (बूढ़ा तालाब) में झील के सामने Food Kiosk/दुकान किराए पर उपलब्ध है। कृपया संपर्क करें मो. न. - 9303773727.(आरे-0169)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद का अन्त करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व व्यक्तिगत संतुष्टि लेकर ही लेन देन करें। किसी भी तरह या मंजूरी के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। पाठकगण, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के जोखिम और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नीता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

RAIPUR SMART BUSINESS

GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर-1, जुबेस्टा हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare



जानकारी

शिखर चंद जैन

बहुत अनूठी-रोचक है इन देशों में टीचिंग स्टाइल

बच्चो, जरा सोचो कैसा लगेगा अगर तुम्हारा क्लासरूम जंगल में हो, होमवर्क बिल्कुल न मिले या तुम्हें रोबोट पढ़ाएं! तुम सोच रहे होगे, 'वाओ! तब तो पढ़ने में मजा ही आ जाएगा।' तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया के कुछ देशों में बच्चों को पढ़ाने के लिए ऐसे ही मजेदार और अनोखे तरीके अपनाए जाते हैं। जानो, कुछ ऐसे ही देशों के बारे में, जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए अनोखी टीचिंग स्टाइल अपनाते हैं।



दक्षिण कोरिया डिजिटल-रोबोटिक टीचिंग

इस देश के शिक्षक पूरी तरह से हाईटेक और डिजिटल टूल्स पर निर्भर रहते हैं। क्लासरूम में ब्लैकबोर्ड की जगह स्मार्ट स्क्रीन और रोबोटिक असिस्टेंट का भी इस्तेमाल होता है। शिक्षक रोबोट्स की मदद से बच्चों को कोडिंग, भाषा और साइंस के एक्सपेरिमेंट्स सिखाते हैं। *

जापान सिखाते हैं अच्छे संस्कार-आत्मनिर्भरता

जापानी शिक्षक ज्ञान से पहले 'नैतिक मूल्य और चरित्र' सिखाते हैं। यहां शुरुआती कक्षाओं में पास-फेल का कोई सिस्टम नहीं



है। चौथी कक्षा तक यहां कोई मुख्य परीक्षा नहीं होती है। टीचर्स क्लास में बच्चों को कंट्रोल करने के बजाय दूर से उन पर नजर रखते हैं ताकि बच्चे खुद अपनी समस्याओं और विवादों को सुलझाना सीखें। वे बच्चों को खुद अपना क्लासरूम साफ करने, खाना परोसने और अनुशासन में रहना सिखाते हैं। *

फिनलैंड बिना होमवर्क वाली पढ़ाई

यूरोपीय देश फिनलैंड में टीचर्स, बच्चों को केवल रटने यानी याद करने के लिए नहीं कहते। यहां टीचर्स, अलग-अलग विषयों को (जैसे इतिहास और गणित) पढ़ाने के बजाय किसी एक वास्तविक दुनिया की घटना या विषय (जैसे जलवायु परिवर्तन) को चुनकर



उसके इर्द-गिर्द कई विषय एक साथ पढ़ाते हैं। यहां प्राइमरी स्कूल के बच्चों को न के बराबर होमवर्क मिलता है। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद बच्चों को 15 मिनट खेलने यानी रिफ्रेश होने के लिए दिया जाता है। *



फ्रांस सिखाते हैं डिस्कशन आर्ट और टेबल मैनर्स

फ्रांसीसी शिक्षक बच्चों को अपनी बात मजबूती से रखने के लिए तैयार करते हैं। यानी उन्हें डिस्कशन आर्ट सिखाते हैं। इसके अलावा यहां लंच टाइम भी पढ़ाई का हिस्सा होता है। भोजन के समय टीचर्स, बच्चों को सही टेबल मैनर्स सिखाते हैं और विभिन्न व्यंजनों के इतिहास पर भी चर्चा करते हैं। *

डेनमार्क डेवलप करते हैं टीमवर्क भावना

यहां की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य, बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना है। 'सहानुभूति' यहां के आधिकारिक पाठ्यक्रम का हिस्सा है। यहां के टीचर्स, बच्चों को अकेले फर्स्ट आने के बजाय ग्रुप में काम करना और दूसरों के दुख-सुख को समझना सिखाते हैं। *





न्यूजीलैंड नेचर के करीब पढ़ाई

न्यूजीलैंड के टीचर्स, स्टूडेंट्स को चारदीवारी के बाहर निकालकर पढ़ाना पसंद करते हैं। इसे 'बुश स्कूल' या आउटडोर लर्निंग कहा जाता है। इसमें वे बच्चों को जंगलों, पार्कों या समुद्र के किनारे ले जाते हैं, जहां वे प्रकृति, पर्यावरण और सर्वाइवल स्किल्स के गुण स्वयं सीखते हैं। *

कनाडा क्रिटिकल थिंकिंग पैटर्न बेस्ड टीचिंग

कनाडा में टीचर्स छात्रों को खुद से सवाल पूछने और समस्याओं का क्रिएटिव सॉल्यूशन खोजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। क्लास में हर बच्चे की सीखने की क्षमता अलग होती है। इसलिए टीचर्स एक ही पाठ को अलग-अलग बच्चों के मानसिक स्तर के अनुसार कस्टमाइज करके पढ़ाते हैं। *



जन्माष्टमी विशेष

आरव को यू-ट्यूब के जरिए यह जानकारी मिली थी कि गुजरात की द्वारका में समुद्र के नीचे कृष्ण जी की नगरी है। समुद्र तट पर पहुंचकर उसकी इस बात को लेकर जिज्ञासा और बढ़ गई। उक्त बात की पुष्टि के लिए आरव को क्या कोई और नई जानकारी मिल सकी?

कृष्ण जी की खोयी नगरी



छोटी कहानी

नेहा अरोड़ा

समुद्र के किनारे खड़े होकर आरव दूर तक फैले नीले पानी को देख रहा था। लहरें बार-बार किनारे से टकरा रही थीं। आरव को उन्हें देखने में बहुत मजा आ रहा था।

'क्या सच में समुद्र के नीचे कृष्ण जी की नगरी है?' आरव ने अपने दादाजी से पूछा।

आरव अपने दादाजी के पास गुजरात के द्वारका में अपनी छुट्टियां बिताने आया था। कल ही रात उसने यू-ट्यूब पर इस बारे में कुछ देखा था, तब से उसके मन में यही चल रहा था।



'हां बेटा, लोग कहते तो यही हैं कि यहां कभी द्वारका नाम की बहुत सुंदर नगरी थी, भगवान कृष्ण की नगरी। समय बीता, समुद्र बढ़ा और वह नगरी लहरों के नीचे छिप गई।' दादा जी ने बताया।

आरव की आंखों में उत्सुकता की चमक जाग उठी। उसी समय उसकी नई-नई दोस्त बनी मीरा भी वहां आ गई। 'क्या सोच रहे हो?' आरव को समुद्र की तरफ चुपचाप घूरते हुए देख कर मीरा ने पूछा।

आरव ने धीरे से कहा, 'मीरा, अगर कृष्ण जी की नगरी सच में नीचे है, तो क्या हम उसे ढूंढ़ सकते हैं?' मीरा हंस पड़ी, 'हम, हम कैसे ढूंढ़ेंगे?' उसी समय किनारे पर खड़े एक अंकल उनकी बात सुनकर उनके पास आए। वह पुरातत्व विभाग में काम करते थे।

'तुम दोनों को सच जानना है?' उन्होंने कहा तो दोनों बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हां में सिर हिला दिया।

'कल हमारी टीम समुद्र में गोता लगाने वाली है। अगर तुम चाहो तो नाव से देख सकते हो कि हम क्या खोजते हैं।' उन्होंने आरव की जिज्ञासा देख कर कहा। अगले दिन सुबह आरव और मीरा उत्साह से भरे नाव पर पहुंच गए। नाव धीरे-धीरे समुद्र के बीच की ओर बढ़ने लगी। गोताखोर भारी उपकरण पहनकर पानी में उतरने लगे।

आरव और मीरा को यह सब बहुत ही दिलचस्प लग रहा था। कुछ देर बाद एक गोताखोर ऊपर आया। उसके हाथ में पत्थर का एक छोटा-सा टुकड़ा था, जिस पर सुंदर नक्काशी बनी हुई थी। 'देखो!' अंकल ने बच्चों को वह पत्थर दिखाते हुए कहा।

'मतलब, नीचे सच में कोई पुरानी नगरी है?' मीरा ने आश्चर्य से पूछा।

'बेटा, अभी तो इसकी टेस्टिंग होगी। यह जानने के लिए कि यह किस समय का है।' अंकल ने कहा। 'जैसे कि कार्बन डेटिंग?' आरव ने जियोग्राफी क्लास में पढ़े हुए लेसन को याद करते हुए कहा। अंकल ने सिर हिलाया, बोले, 'हां, लेकिन वैज्ञानिकों को समुद्र के नीचे दीवारें, रास्ते और मंदिर जैसे ढांचे पहले भी मिले हैं। लोग मानते हैं कि ये उसी प्राचीन द्वारका के अवशेष हो सकते हैं।'

आरव ने समुद्र की लहरों को एक बार फिर से देखा। अब उसे लग रहा था जैसे लहरों के नीचे जैसे कोई रहस्यमयी दुनिया सो रही हो, सोने जैसे महलों और गलियों वाला पूरा शहर। उसने मुस्कुराते हुए मीरा से कहा, 'मैं भी बड़ा होकर समुद्र की गहराइयों में जाऊंगा और समुद्र के नीचे छिपे हुए रहस्यों को खोज निकालूंगा।' *

कविता / कुसुम अग्रवाल

अध्यापक जी

अध्यापक जी पाठ पढ़ाते
अच्छे से हमको समझाते।
एक बार जो समझ न आए
तनिक नहीं गुस्सा दिखलाते।
ये संयम का पाठ उन्हीं से
उसी वक्त हम भी पढ़ जाते।
सही समय विद्यालय आते
वहां उपस्थिति दर्ज कराते।
देख-समझ कर समय-सारिणी
कक्षा-कक्षा में वो जाते।
अनुशासन का पाठ हमेशा
नियमित रहकर वह सिखलाते।
ठोकर खा जब हम गिर जाते
अध्यापक जी तुरंत उठाते।
विद्यालय में मम्मी-पापा
तब अध्यापक जी बन जाते।
दया, प्रेम का भाव हृदय में
बहुत जरूरी यह बतलाते।



बूझो तो जानें



1 कक्षा में आते, हमें पढ़ाते
गलती पर हमको समझाते।
कभी हंसाते, कभी डांटते,
अच्छे बच्चे हमें बनाते।

2 साल में एक दिन आता हूं,
शिक्षकों का मान बढ़ाता हूं।
बच्चे देते फूल और सम्मान,
बताओ क्या है मेरा नाम?

-शिवानी छाया

उत्तर: 1. शिक्षक, 2. शिक्षक दिवस

जीके क्विज-221



1. शिक्षक दिवस किस महापुरुष की जयंती पर मनाया जाता है?
2. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब लागू की गई?
3. डॉ. राधाकृष्णन का भारत के राष्ट्रपति के रूप में क्रम क्या था?
4. पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हाल ही में किस राज्य में विद्या साथी ऐप को लॉन्च किया गया है?
5. यूजीसी का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. एनसीईआरटी की स्थापना कब हुई?
7. शिक्षा का अधिकार किस आयुवर्ग के बच्चों के लिए है?
8. चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु का नाम क्या था?
9. हाल ही में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब किसने जीता है?
10. आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?

बच्चो, जीके क्विज-221 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-220 का उत्तर : 1.ऋषभ पंत, 2.खेल, 3.केरल, 4.जापान, 5.चंद्रगुप्त मौर्य, 6.सहारा, 7. Fe, 8.हमिंग बर्ड, 9.रविंद्रनाथ टैगोर, 10. 5 सितंबर

जीके क्विज-220 का सही उत्तर देने वाले : पूरब-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अंकित-दुर्ग, कुणाल-रायपुर, सुमित-भोपाल, दिव्यांश-रोहतक, अनिल-कोरबा, लक्ष्य-बलौदा बाजार, राजन-महेंद्रगढ़, पूजा-धमतरी, कोमल-महासमुंद, जतिन-बालोद, सूरज-कांकेर, हर्षित-सारंगढ़ बिलाईगढ़, अजय-दिल्ली, जतिन-कटनी



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

जिस दिन अंकुर स्कूल होमवर्क नहीं करता, टीचर से कोई बहाना बना देता। विशाल सर के सामने भी उसने अपने पापा की गहरी चोट लगने और अस्पताल जाने का बहाना बनाया। उन्होंने उसका झूठ भांप लिया, फिर भी उसे जरा भी डांटा-फटकारा नहीं, लेकिन विशाल सर ने जो किया, वह डांटने-फटकारने से ज्यादा असरकारी था।

भूल का एहसास

अंकुर कक्षा में सिर झुकाए खड़ा था। आज भी वह होमवर्क करके नहीं आया था। हर तीन-चार दिनों बाद होमवर्क किए बिना स्कूल में आना उसकी आदत थी। कई बार उसने आधा-अधूरा होमवर्क ही किया होता था।

विशाल सर ने सिर झुकाकर खड़े अंकुर से होमवर्क न करने का कारण पूछा तो मुरझाई-सी आवाज में वह बोला, 'सर, कल शाम को पापा ऑफिस से घर आने के थोड़ी देर बाद बाथरूम गए तो वहां उनका पैर फिसल गया और वे फर्श पर गिर पड़े। पापा के सिर पर बड़ी चोट लगी, बहुत खून बहने लगा। फिर मम्मी उनको तुरंत हॉस्पिटल लेकर गईं। मैं भी उनके साथ ही गया था। हॉस्पिटल में डॉक्टर ने पापा का इलाज किया। उनके सिर पर टांके लगाकर पट्टी बांध दी। हम लोग रात को बड़ी देर से घर वापस आए। इसलिए मैं होमवर्क नहीं कर सका।'

अंकुर की बात सुनकर विशाल सर ने उससे पूछा, 'अब क्या हाल है तुम्हारे पापा का?'

'अब तो पापा ठीक हैं, लेकिन आज वे ऑफिस नहीं गए। घर पर ही आराम कर रहे हैं।' अंकुर ने बताया।

यह सुनकर विशाल सर बोले, 'तो तुम्हारे पापा आज घर पर ही आराम कर रहे हैं न!'

'हां, सर।' अंकुर ने धीमी-सी आवाज में जवाब दिया।

अंकुर का जवाब सुनकर विशाल सर ने अपनी पैंट की जेब से मोबाइल फोन निकाला और फोन मिलाने लगे। इसके बाद उन्होंने फोन का स्पीकर ऑन कर दिया। दो-तीन घंटियां बजने के बाद उधर से आई 'हैलो' की आवाज सुनते ही अंकुर चौंक उठा। यह तो उसके पापा की आवाज थी।



सभी इमेज एआई

'महेश जी, तबियत ठीक है न आपकी?' विशाल सर ने फोन पर पूछा।

'हां-हां, बिल्कुल ठीक है। ऑफिस मैं बैठा काम कर रहा हूं। क्यों, क्या बात हो गई विशाल जी? सुबह मिले तो थे पार्क में!' दूसरी तरफ से आवाज आई।

'बस, ऐसे ही फोन किया था, आपका हाल-चाल जानने के लिए। चलिए ठीक है, कल सुबह पार्क में मिलेंगे।' कहते हुए विशाल सर ने फोन डिसकनेक्ट कर दिया।

इसके बाद वे अंकुर से बोले, 'अंकुर, अब तुम सीट पर बैठ जाओ, लेकिन आधी छुट्टी के समय मुझसे स्टाफ रूम में आकर मिलो।'

यह सुनकर अंकुर चुपचाप अपनी सीट पर बैठ गया।

इससे अगले पीरियड के बाद जैसे ही आधी छुट्टी होने की घंटी बजी, अंकुर स्टाफरूम की तरफ चल पड़ा। वहां पहुंचा तो विशाल सर उसे स्टाफ रूम के एक कोने में ले गए। फिर धीमी आवाज में उससे पूछा, 'बेटा अंकुर, आज मेरी क्लास में मेरे मोबाइल फोन पर जो आवाज सुनाई दी थी, उसे पहचानते हो कि वह किसकी आवाज थी?'

'पापा की।' अंकुर ने सिर झुकाकर घबराई-सी आवाज में जवाब दिया।

विशाल सर आगे बोले, 'बेटा, तुम तो कह रहे थे कि तुम्हारे पापा के सिर पर बहुत चोट लगी है, वे घर पर आराम कर रहे हैं।'

विशाल सर की इस बात पर अंकुर चुप रहा, कोई जवाब नहीं दिया। बस उसी तरह सिर झुकाए खड़ा रहा।

विशाल सर रुके नहीं फिर बोले, 'अंकुर, तुम्हें पता नहीं है कि मैं और तुम्हारे पापा एक-दूसरे को कई सालों से अच्छी तरह जानते हैं। हम दोनों हर सुबह सैर के समय पार्क में मिलते हैं। तुम्हारे पापा से मुझे पता चला था कि जिस दिन तुम अपने दोस्तों के साथ ज्यादा देर तक खेलते रहते हो या तुम्हें टीवी पर देर तक कोई मनपसंद प्रोग्राम देखना होता है, उस दिन तुम या तो होमवर्क को हाथ भी नहीं लगाते या फिर आधा-अधूरा होमवर्क करके ही नींद आने की बात कहकर सो जाते हो। फिर अगले दिन यहां क्लास में आकर कोई बहाना बना दिया करते हो।'

विशाल सर की बात सुनकर अंकुर बहुत शर्मिंदा हुआ। वह उनसे बोला, 'सर, मैं प्रॉमिस करता हूं। अब इस तरह झूठ नहीं बोला करूंगा और हर दिन पूरा होमवर्क करके आया करूंगा।'

अंकुर की बात सुनकर विशाल सर बहुत खुश हुए और हाथ बढ़ाकर उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

मनोरंजन के साथ शिक्षा देती कहानियां

बच्चो, सिर्फ शिक्षक ही सीख नहीं देते, किताबों की कहानियां भी सीख देती हैं। किताबें किसी शिक्षक से कम नहीं होतीं। हाल ही में लेखिका डॉ. अर्चना प्रकाश का आया नया कहानी संकलन 'चमत्कारी कछुआ' इसी तरह की किताब है। इस संकलन की रोचक कहानियां सिर्फ शिक्षा ही नहीं देतीं, मनोरंजन भी करती हैं। संकलन में 11 कहानियां है। पुस्तक की शीर्षक कहानी 'चमत्कारी कछुआ' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चमकू कछुआ ने जलपरी से एक शंख प्राप्त किया, इसकी मदद से रेहान नामक एक गरीब बच्चे और अंधे का जीवन बदल दिया। 'साड़ी का सफर' कहानी में पुरानी साड़ी का लहंगा और जंफर फिर कुशन कवर, फिर स्कार्फ, रूमाल और अंत में खूबसूरत हेयरबैंड, फूलवाली बैक पिन बनाने के बहाने किसी भी चीज का अंत तक कैसे उपयोग किया जाए, इसकी सलाह दी गई है। 'सोफा बोलता है' कहानी में विशेष रूप से साफ-सफाई रखने की शिक्षा दी गई है। 'भाग्य और बुद्धि' कहानी में श्वेता और धैर्य दोनों पढ़ाई तो करते थे, लेकिन धैर्य का ध्यान पढ़ाई से अधिक मोबाइल फोन पर रहता था। इसलिए श्वेता को परीक्षा में अच्छी सफलता पाती है, जबकि भाग्य के भरोसे रहने वाले धैर्य को सफलता नहीं मिलती। बच्चो, यह कहानी तुम्हें मेहनत का महत्व समझाएगी। 'सच्ची दोस्ती' कहानी में रिशिका हीनभावना से ग्रस्त रोशन में आत्मविश्वास जगाकर उसकी जिंदगी बदल देती है। 'जीत का जज्बा' कहानी में बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम के बहाने स्वाति के आत्मविश्वास को उजागर किया गया है। संग्रह की अन्य कहानियों से भी तुम्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी। *



किताब: चमत्कारी कछुआ (कहानी संग्रह), **लेखिका:** डॉ. अर्चना प्रकाश, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

अंतर बताओ

बच्चो, यहां बाल कृष्णा के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम पांच मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. बाल कृष्णा के मस्तक पर मोर पंख नहीं है। 2. बाल कृष्णा की बांसुरी में छिद्र अधिक है। 3.मक्खन मटकी से बाहर नहीं गिर रहा है। 4. बाल कृष्णा के पीछे खड़ी नन्ही गाय के गले में घंटी नहीं है। 5.आगे दाहिनी तरफ तीन के बजाय चार फूल दिख रहे हैं।

रास्ता खोजो

बच्चो, हर्ष की तरह हर्षिता भी टीचर्स-डे पर अपने टीचर जी को बुके देकर उन्हें विश करना चाहती है। लेकिन टीचर जी तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हर्षिता को टीचर जी तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



जैकेट के शेष

आज कृष्ण जन्माष्टमी...

नक्षत्र और वृष राशि में मध्यरात्रि के समय हुआ था। वर्ष 2026 में जन्माष्टमी पर यही दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग दोबारा घटित हो रहा है, जिसे शास्त्रों में 'जयंती योग' कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, जन्माष्टमी के दिन जयंती योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, हर्षण योग, हंस योग, मालव्य योग, बुधादित्य राजयोग और नवपंचम राजयोग निर्मित हो रहा है।

इस बारिश छग की...

हैं। कुछ नई बनी सड़कों में पहली ही बारिश में दरारें भी पड़ गईं हैं। इससे लोक निर्माण विभाग को करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

510 करोड़ की सड़क पहली बारिश में उखड़ी : बिलासपुर जिले में रतनपुर से पेंड्रा तक करीब 97 किलोमीटर लंबी सड़क, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-45 परियोजना का हिस्सा बताई जा रही है, पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। करीब 510 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना में कई जगह लंबी दरारें और सड़क धंसने की स्थिति सामने आई है। कुछ स्थानों पर डामर की परत भी बह उखड़ चुकी है।

धमतरी में निर्माणाधीन पुलिया और सड़क बही : धमतरी के कोलियारी-खरेंगा मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया और सड़क का बड़ा हिस्सा तेज बहाव में बह गया। यह सड़क परियोजना करीब 84 करोड़ रुपये की बताई जा रही है। वहीं फरसगांव क्षेत्र में दो दिनों की मूसलाधार बारिश से छिंदली-बड़ेडोंगर मार्ग का करीब पांच मीटर हिस्सा बह गया है, जबकि सदाड़ी गांव की पुलिया ढहने से कई गांवों का संपर्क बाधित हुआ है।

विभाग ने मांगी रिपोर्ट, 30 नवंबर तक सुधार का लक्ष्य : बारिश से हुए नुकसान के बाद लोक निर्माण विभाग ने सभी क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और पुलियों की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। विभागीय स्तर पर निर्माणाधीन और क्षतिग्रस्त परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने की तैयारी है। लोक निर्माण सचिव मुकेश बंसल ने 30 नवंबर तक क्षतिग्रस्त और अधूरे निर्माण कार्यों में सुधार सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया है। गुणवत्ता में लापरवाही मिलने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई तथा जरूरत पड़ने पर ठेकेदार के खर्च पर ही दोबारा निर्माण या दुरुस्तीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

10 हजार की रिश्वत लेते...

में शिकायत सही पाई गई। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार 3 सितंबर को योजना बनाकर प्रार्थी को 10 हजार रुपए के साथ स्कूल भेजा।

पेज एक के शेष

आरती ने थमाई माताओं को...

लेकर जाती हैं तो उनके साथ मौजूद तीन से छह वर्ष तक के बच्चे इन्हीं अक्षरों और अंकों को देखते-देखते ककहरा सीख रहे हैं। यह अनोखी पहल सेमरा प्राथमिक शाला की शिक्षिका आरती साहू ने शुरू की है। आरती का मानना है कि मां बच्चे की पहली पाठशाला होती है। इसी सोच के साथ उन्होंने बच्चों तक सीधे पहुंचने के बजाय पहले उनकी माताओं को लक्ष्य बनाया, ताकि घर के वातावरण में ही बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हो और स्कूल जाने से पहले उन्हें अक्षर व अंक ज्ञान मिल सके। छह वर्ष की उम्र में जब बच्चे स्कूल की दहलीज पर पहुंचें तो उन्हें वर्णमाला और गिनती की बुनियादी जानकारी हो। इस पहल के लिए माताओं तक पहुंचना भी आरती के लिए आसान नहीं था। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, महिला समूहों की बैठकों के साथ-साथ घरों और खेतों में जाकर माताओं से संपर्क किया। उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनकी भूमिका समझाई। इसके बाद माताओं को ऐसी छतरियां दी गईं, जिन पर हिंदी वर्णमाला, गिनती और अंग्रेजी के अक्षर अंकित किए गए हैं।

खेतों में काम करते समय माताओं के साथ रहने वाले बच्चे जब इन छतरियों पर लिखे अक्षरों और अंकों को देखते हैं तो स्वाभाविक रूप से उनमें जिज्ञासा पैदा होती है। वे उन्हें पहचानने और पढ़ने का प्रयास करते हैं। इस तरह खेल-खेल में उनकी सीखने की शुरुआत हो जाती है। आरती की इस पहल से सेमरा गांव में शिक्षा को लेकर माताओं की जागरूकता बढ़ी है और बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हुई है।

महिला समूहों की बैठकों में भी पहुंचीं : एक जागरूक मां ही अपने बच्चे की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी सोच के साथ शिक्षिका आरती ने बच्चों की माताओं से संपर्क शुरू किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित महिला समूहों की बैठकों में भाग लिया। इसके अलावा घरों और खेतों में जाकर भी माताओं से संवाद किया और उन्हें बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया। आरती साहू की इस पहल ने सेमरा गांव में शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है। उनके इसी नवाचार और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान तक पहुंचाया है। अब वे राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगी। यह उपलब्धि केवल आरती साहू के लिए ही नहीं, बल्कि सेमरा गांव और पूरे शिक्षा समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है।

माताओं को सरकारी...

की विभिन्न गतिविधियों के दौरान माताओं को शिक्षा से संबंधित शासन की योजनाओं, बच्चों की पढ़ाई और उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा बालिका शिक्षा का महत्व, शिक्षा का महत्व, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने, प्रारंभिक शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी उन्हें जागरूक किया जाता है। स्कूल के भौतिक विकास में सहयोग के लिए भी माताओं को समय-समय पर आमंत्रित किया जाता है। माताओं के बीच समन्वय और आपसी मेल-जोल बढ़ाने के लिए कुर्सी दौड़, विल्स, फुगड़ी सहित स्थानीय खेलों और अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है। इससे माताओं का स्कूल के प्रति जुड़ाव बढ़ा। वे नियमित रूप से स्कूल आकर अपनी भाषा में स्थानीय और शिक्षाप्रद कहानियां भी सुनाती हैं। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने के साथ समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलता है।

28 साल से बस्तर के घनघोर...

पालकों को समझाते हैं और बच्चों को फिर से स्कूल की राह दिखाते हैं। वहीं अनाथ और निर्धन विद्यार्थियों की पढ़ाई में आर्थिक बाधा न आए, इसके लिए अपनी ओर से फीस, किताब-कॉपी और अन्य शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराते हैं। शिक्षक बुधराम कश्यप ने अपने जन्मदिन को भी व्यक्तिगत खुशी के बजाय जरूरतमंद बच्चों के नाम कर दिया है। इस सत्र में अपने जन्मदिन पर उन्होंने 11 हजार रुपए की पुस्तकें, कॉपियां और पेन विद्यार्थियों को दिए। उनके इन प्रयासों ने उन्हें बच्चों के लिए शिक्षक से बढ़कर अभिभावक की भूमिका में ला खड़ा किया है। कक्षा शिक्षण में लगातार नवाचार करने वाले बुधराम कश्यप ने संस्कृत विषय में विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत सफलता दिलाई है। शिक्षा के साथ साहित्य और डिजिटल माध्यम को भी उन्होंने बच्चों से जोड़ा है। चंदा कहानी, आईना कविता और आखिर मैं घमंड क्यों करता हूं कविता प्रकाशित कराने के साथ उन्होंने प्रसिद्ध शाला प्रवेशोत्सव गीत का हल्बी और धुरवी बोली में अनुवाद पुस्तक प्रकाशित किया। प्रतियोगिता के दौर में बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए जीके बुधराम शिक्षण, जीके बुधराम ज्ञान और बुधराम जीके स्टडी नाम से यूट्यूब चैनल भी शुरू किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, बेहतर शिक्षण, शाला त्यागी बच्चों की स्कूल वापसी, निर्धन विद्यार्थियों की मदद और संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम जैसे योगदानों के लिए बुधराम कश्यप को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

निर्धन बच्चों की फीस से लेकर शिक्षण सामग्री तक का जिम्मा: जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस, किताब-कॉपी, पेन सहित आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने में वे व्यक्तिगत स्तर पर सहयोग करते हैं। उनके इस प्रयास से उन विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलती है, जिनके परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं।

नवाचार से बेहतर शिक्षण, संस्कृत में शत-प्रतिशत सफलता : बुधराम कश्यप अपने विषय संस्कृत के शिक्षण में भी लगातार नवाचार करते रहे हैं। उनका परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर रहा है। वे कक्षा में विद्यार्थियों को गतिविधियों, रचनात्मक कार्यों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीखने के अवसर देते हैं। उनका प्रयास रहता है कि विद्यार्थी पढ़ाई को बोझ न समझें, बल्कि उसे रुचि और आनंद के साथ सीखें।

शिक्षा के साथ...

लगातार शत प्रतिशत परिणाम देना, बच्चों की प्रतिभाओं को धार देना, नवाचार आदि को जाता है।

लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम : उनकी शिक्षकीय उपलब्धियों में बोर्ड परीक्षाओं के लगातार उत्कृष्ट परिणाम प्रमुख हैं। अनेक वर्षों में विद्यालय ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। अर्थशास्त्र विषय में भी लगातार शत-प्रतिशत परिणाम रहा। 2023 में विद्यालय की एक छात्रा ने 12वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए उन्हें 2012 में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान तथा 2014 में जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और एससीईआरटी सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया।

विज्ञान और स्काउटिंग में भी बनाई पहचान : विज्ञान के क्षेत्र में 2025 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, जशपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए।

विद्यालय विकास में भी पहल : चन्द्रवंशी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उसके वातावरण को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया। मां सरस्वती की प्रतिमा दान में प्राप्त कर विद्यालय में स्थापित कराने, अहाता निर्माण और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराने की पहल की। कोरोना काल में 'पढ़ई तुंहर द्वार' अभियान में सक्रिय योगदान दिया। स्वच्छता, नशामुक्ति और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता रही है।

प्रथम पेज के शेष

हाईवे किनारे गाड़ी ....

इस मामले में न्यायमित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नाडकर्णी ने कहा कि एक बड़ी समस्या राजमार्गों पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग है, जिससे सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

मंत्री के काफिले ....

जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का काफिला लहपटरा टोल प्लाजा से गुजर रहा था। काफिले की पहली गाड़ी फास्टैग के कारण बैरियर पार कर गई। इसके बाद दूसरी गाड़ी तेज गति से निकली, इसी दौरान बैरियर नीचे आने लगा और गाड़ी के संपर्क में आ गया। इसके बाद काफिले में शामिल एक व्यक्ति ने टोल कर्मचारी मनोज कुमार राजवाड़े से विवाद करते हुए मारपीट कर दी। वायरल वीडियो में टोल कर्मचारी हाथ जोड़कर खड़ा दिखाई दे रहा है, जबकि एक व्यक्ति उसके साथ मारपीट करता नजर आ रहा है।

बिना आवेदन एक ....

कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता सुधा कौशल पति यशवंत सिंह लात्रे, आयु 36 वर्ष निवासी नरहरपुर, कांकेर ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने उनकी ओर से कोई ऋण आवेदन दिए बिना उनके नाम पर कुल 23 लाख 7 हजार रुपए के कई पर्सनल लोन स्वीकृत कर दिया है।

कोर्ट ने दी एएसपी ....

किया गया था। सुनवाई के दौरान अभियुक्त ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने दूसरी बार शराब पीकर वाहन चलाया है। मामले की गंभीरता और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत आरोपी को 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही उसे एक माह तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर-चांपा में साफ-सफाई करने की सामुदायिक सेवा की सजा भी सुनाई।

सभी राज्य बाइक टैक्सी को मंजूरी दें : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी राज्य सरकारों से बाइक टैक्सी को मंजूरी देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निजी बाइक और स्कूटर से यात्रियों को ले जाने की सुविधा से खासकर ग्रामीण इलाकों में रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। इससे करीब 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिल सकता है। गडकरी ने बताया कि केंद्र ने बाइक टैक्सी की अनुमति दे दी है, लेकिन परिवहन राज्य का विषय होने के कारण कुछ राज्यों में अभी इसकी मंजूरी नहीं है। उन्होंने राज्यों से इसे मंजूरी देने की अपील की, ताकि लोगों को कमाई का नया जरिया मिल सके। गडकरी ने कहा कि सरकार बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्ती करेगी। इसके लिए मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कर ड्राइवरों के लिए नेगेटिव पॉइंट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव है।

पूर्व एडिशनल सेक्रेटरी को मॉर्निंग वॉक से उठाकर ले गई दिल्ली पुलिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सोशल मीडिया पोस्ट पर बवाल, 10 घंटे पूछताछ के बाद छोड़ा

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पूर्व नौकरशाह आशीष जोशी को उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े मामले में हिरासत में लेकर कई घंटे पूछताछ की। 1992 बैच के अधिकारी जोशी को सुबह नेहरू पार्क में टहलने के दौरान सादे कपड़ों में आए दो पुलिसकर्मी अपने साथ ले गए थे। बाद में पुलिस उन्हें उनके घर छोड़ गई। पुलिस ने अभी यह नहीं बताया है कि किस मामले में और किस ऑनलाइन पोस्ट को लेकर उनसे पूछताछ की गई। जोशी हाल में सोशल मीडिया पर जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, जीडीपी के आंकड़ों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लेकर पोस्ट कर रहे थे। उनकी हिरासत को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल भी उठे थे। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने एक्स पर लिखा- भारत सरकार में एडिशनल सेक्रेटरी रहे आशीष जोशी को नेहरू पार्क से मॉर्निंग वॉक के दौरान बुधवार सुबह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अपने साथ ले गई।

नॉर्वे ने जब्त किया रूस का 'प्रोफेसर मोल्चानोव', पुतिन ने जताई नाराजगी

ओस्लो। रूस को चुनौती देना हर देश के बस की बात नहीं है। खासकर तब जब मामला रूस के रणनीतिक इलाके आर्कटिक से जुड़ा हो। लेकिन अब नॉर्वे ने ऐसा कदम उठाया है, जिसने मॉस्को को भड़का दिया है। नॉर्वे ने आर्कटिक के स्वालबार्ड में रूसी जहाज 'प्रोफेसर मोल्चानोवको जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई यूक्रेन की सरकारी ऊर्जा कंपनी नाफटोग्ज की मांग पर की गई है। रूस ने इस कार्रवाई को सीधे-सीधे 'पाइरेसी' तक करार दिया है। इसके पीछे रूस और यूक्रेन के बीच अरबों डॉलर की कानूनी लड़ाई है। नाफटोग्ज का दावा है कि 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया के अधिग्रहण के दौरान उसकी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया गया था।

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(09-10-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक;** PLI4G0L35497771, 36899958, 36893477, 36870462, 37686917, 89284993, 89503751, 89493062, 89512360, 89499802, 89554248, 89477881, 90038131. **अंबिकापुर - बह्रा रोड;** PRP8EGL88681620, 89487125, 89983555. **भिलाई - जीई रोड;** PBX2G0L25422158, 37390236, 37673730, 37671265, 37849687, 38041920, 89314898, 89339125, 89308484, 89343348, 89511790, 89915839, 40220111, 90446819, 90442216, 90426608. **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड;** PMM8G0L35824828, 37083454, 86397021, 88284004, 88236727, 89225983, 89278164, 90438701. (12-10-26) **भिलाई - पावर हाउस चौक;** PLI3EGL87382574, 88018315, 88229763, 89304877. **भिलाई - सिरसा गेट चौक;** PMM9EGL89753158. **भिलाई - स्मृति नगर;** PLL2EGL86084093, 86559742, 86397906, 87325639, 88408098, 88901377, 89784272, 89802018, 90280056, 40237970, 90469031. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक;** PGJBG0L36380800, 36731755, 86005242, 86610595, 86569000, 86604969, 86615359, 86593147, 86358064, 37347065, 37348551, 37645549, 87694369, 88058962, 88633718, 88689930, 88867386, 89337919, 89257438, 89761011, 89754909, 39890079, 90041695, 89923657, 40040355, 90424755, 90530322. (13-10-26) **बिलासपुर - मुंगेली नाका;** PCZ5G0L37635586, 37694781, 87957972, 88038525, 88230918, 39156205, 89355491, 89730374, 90411313. **बिलासपुर - सरकंडा;** P42HG0L35352704, 35335880, 35540336, 35650688, 35710768, 35836701, 35816026, 36364163, 85874257, 37035730, 37338150, 37530099, 37517386, 37514103, 37626228, 88054768, 38685266, 38797630, 88637363, 89772184, 89763941, 89754875, 89768343, 89760498, 89749664. **चांपा - बरपाली चौक;** PPA1EGL89307713, 89947090, 89935977. **दुर्ग - महाराजा चौक;** PMW4EGL85602446, 86580033, 86362662, 87920879, 38480542, 88215187, 88715221, 89312581, 89270811, 90034952, 90519999. (14-10-26) **दुर्ग - स्टेशन रोड;** P08IEGL85634850, 85833240, 86372338, 87382727, 88693521, 89266234, 90290787, 90176537, 90211099, 90275818. **जगदलपुर - गुरु गोविंद सिंह चौक;** PQV4EGL85848055, 86559851, 88233097, 38667786, 89983709, 90234827. **कटघोरा - बीजीएल;** PNY8G0L26289477, 26744166, 35673311, 37678628, 87976421, 88205945, 88251570, 88233921, 89783186. **कोरबा - सीएसईबी चौक;** PEQ2G0L35303666, 88231347, 88891272, 88894628, 90226764. (15-10-26) **कोरबा - कोसाबाड़ी;** PLI5G0L38134902, 88695240, 38989368, 90529200. **कोरबा - पावर हाउस रोड;** PSY3EGL87374101, 87999594, 88030043, 88266848, 89311578. **महासमुंद - बीजीएल;** PNU8G0L35391034, 35831271, 85695225, 87435190, 87789684, 88063292, 38418667, 88268393, 88695338, 89253027. **मनेंद्रगढ़ - बीजीएल;** PNU9EGL86628855, 86380540, 37979518, 37982532, 88710965, 39215361, 89281564, 89919065, 90173418, 40197139. (16-10-26) **मुंगेली - मेन रोड;** P0Y9G0L27413416, 88876689, 39344428, 40179910. **रायगढ़ - जगतपुर;** PLI6EGL85868696, 88512592. **रायपुर - बुधापारा;** PSU8EGL85822018, 86597791, 87337865, 88043531, 88520321. **रायपुर - जीई रोड;** PCZ6EGL87412796, 88078184, 88089155, 88293731, 88486033, 88443066, 88432601, 88882750, 89260366, 89712500, 89924026, 90528628. (19-10-26) **रायपुर - मोवा;** PRZ6EGL85832883, 89778453, 90023573. **रायपुर - पचपेड़ी नाका;** PLI9EGL87826779, 87813100, 88067821, 88049972, 89747296, 89959838, 90200909. **रायपुर - प्रियंक टॉवर;** PEN5G0L26067224, 35698738, 86377280, 37339234, 37833869, 38832082, 38970939, 39169337, 89263451, 89259507, 40343375. **रायपुर - तेलीबांधा रोड;** PF45G0L35876512, 36101008, 36097874, 38161413, 87692659, 88086514, 88204985, 88302190, 88691395, 88873428, 90045619, 90076374, 90056089, 90061115, 40026441, 90488654, 90495728. (22-10-26) **राजनांदगांव - जीई रोड;** PEN6G0L23756190, 35374581, 35694093, 36537902, 85842067, 36906529, 86097362, 86089813, 86586603, 86455508, 37317160, 37814981, 87676719, 87655502, 87700008, 39698352, 89910836, 90031951, 90499675. **राजनांदगांव - कामठी लाइन;** PRZ5EGL89220312, 90004817. **व्यापार विहार - बिलासपुर;** PLI7G0L36689934, 87948671, 88204974, 88716333, 90501695, 90502074.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

निविदा आमंत्रण सूचना
(क्रमांक- 23 दिनांक 03.09.2026)

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य के विवरण अनुसार सक्षम निर्माताओं / आपूर्तिकर्ताओं से निविदा प्रपत्र "सी" में आयटम रेट के आधार पर दिनांक **24.09.2026** को अपरान्ह **4.00** बजे तक निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसे उसी दिन अपरान्ह **4.15** बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त आमंत्रण सूचना जानकारी वेबसाइट **https://rdaraipur.cgstate.gov.in/** में तथा संशोधन भी देखा जा सकता है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5
1)	प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के जलप्रदाय संधारण / रख-रखाव हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए जी.आई. पाईप एवं अन्य जलप्रदाय फिटिंग्स का वार्षिकीय आपूर्ति कार्य ।	रू. 19.57 लाख	रू. 40,000/-	समय-समय पर आवश्यकतानुसार
2)	प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के जलप्रदाय संधारण / रख-रखाव हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए यू.पी. वी.सी. एवं सी.पी.वी.सी. पाईप तथा फिटिंग्स का वार्षिकीय आपूर्ति कार्य ।	रू. 19.00 लाख	रू. 38,000/-	समय-समय पर आवश्यकतानुसार

निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय में सहायक अधीक्षक (तक.) से शासकीय कार्य दिवसों में दिनांक **23.09.2026** को दोपहर **1.30** बजे तक **रु. 2000/-** नगद जमा कर अन्य जानकारी के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

संदर्भ क्रं. JNVS/2026/841 दिनांक : 03.09.2026

:: लघु-निविदा अधिसूचना ::

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.) हेतु सब्जी एवं फल आपूर्ति के लिए अधिकृत पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

लघु-निविदा प्रपत्र/दस्तावेज रु.500/- प्रति सेट के हिसाब से प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.) के कार्यालय से 04/09/2026 से 09/09/2026 अपरान्ह 1.30 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, इस विद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट www.navodaya.gov.in/nvs/nvs- school/MAHASAMUND/en/home/index.html. से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अनेंस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के पक्ष में) प्राचार्य के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 09.09.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक है। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदाएं दिनांक 10.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे क्रय सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी।

प्राचार्य
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी.-अ.-24082026-275696
CG-CG-E-24082026-275696

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड — 3 — उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4440] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 21, 2026 / श्रावण 30, 1948
No. 4440] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 21, 2026/SHRAVAN 30, 1948

रेल मंत्रालय
(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)

अधिसूचना

बिलासपुर, 19 अगस्त, 2026

रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 20 A के तहत अधिसूचना

का.आ. 4621 (अ).— केंद्रीय सरकार रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 20(क) की उपधारा (1) जिसे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केंद्रीय सरकार सार्वजनिक उद्देश्य के लिये संतुष्ट होने के बाद ऐसी भूमि का जिसका संक्षिप्त विवरण संलग्न अनुसूची में दिया गया है, जो कि विशेष रेल परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत झारसुगुड़ा–रायगड, रायगड़–चांपा, चांपा–गेवरारोड, चांपा–बिलासपुर, तिल्दा–बिलासपुर, तिल्दा–दुर्ग, दुर्ग–दरेकसा, मुंडीकोटा–नागपुर, बिलासपुर–पेंड्रारोड–अनूपपुर और रायपुर–लखोली के मध्य में मौजूदा 1x25KV ट्रैक्शन सिस्टम को 3000 MT लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2x25 KV एटी फीडर व्यवस्था में अपग्रेड करने हेतु उडिशा छत्तीसगढ़ एवम् महराष्ट्र राज्य में निष्पादन के लिए आवश्यक है। एतद द्वारा अधिग्रहण करने के आशय की घोषणा करती है। उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त अधिनियम की धारा 20 (घ) की उपधारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन एवं उपयोग के सम्बन्ध पर आक्षेप कर सकेगा।

ऐसा प्रत्येक आक्षेप सक्षम प्राधिकारी यानी अनुविभागीय अधिकारी (रा0) तिल्दा–नेवरा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ को स्वयं या किसी वकील के माध्यम से लिखित में किया जाएगा और उसके आधार उपवर्णित किये जायेंगे, तथा सक्षम प्राधिकारी आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और ऐसे सभी आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी अतिरिक्त जांच, यदि कोई हो तो करने के पश्चात सक्षम प्राधिकारी जो आवश्यक समझें, आदेश द्वारा आक्षेपों को या तो अनुगत या अनअनुगत कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20 (घ) की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा, इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांकन एवं अन्य ब्योरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उनका निरीक्षण सक्षम प्राधिकारी के उपरोक्त कार्यालय में किया जा सकता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत झारसुगुड़ा–रायगढ़, रायगढ़–चांपा, चांपा– गेवरा रोड, चांपा–बिलासपुर, तिल्दा–बिलासपुर, तिल्दा–दुर्ग, मुंडीकोटा–नागपुर, बिलासपुर–पेंड्रारोड–अनूपपुर और रायपुर–लखोली के मध्य में मौजूदा 1x25KV ट्रैक्शन सिस्टम को 3000 MT लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2x25 KV एसी फीडर व्यवस्था में अपग्रेड करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में अधिग्रहण किये जाने के लिए संरचना रहित या सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण–

जिला — रायपुर						राज्य — छत्तीसगढ		
क्र. सं.	अनुविभागीय अधिकारी(रा0) सक्षम पदाधिकारी	तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूस्वामी का नाम	भूमि की प्रकृति	खसरा सं.	कुल क्षेत्रफल (हे. में)	अर्जित क्षेत्रफल (हे. में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	अनुविभागीय अधिकारी(रा0) तिल्दा–नेवरा, जिला–रायपुर	खरोरा	कोदवा	अर्चना गुप्ता पति नवीन गुप्ता	पड़त	14/1	0.275	0.175
							0.275	0.175

[फा. सं. सीपीएम/इले/बीएसपी/2x25 के.वी. ओ.एच.ई/भूमि अधि./20A/2422]
सीपीआर/10/375 मुदित भटनागर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

**आम

आरबीआई की योजना रही सफल, एनआरआई ने भर दिया भारत का 'डॉलर खजाना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से डॉलर जुटाने की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की खास पहल उम्मीद से कहीं ज्यादा सफल रही। 31 अगस्त 2026 तक फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट के जरिए भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आ चुकी थी। तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने इस स्कीम के लिए दी गई स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो तय समय से करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी। इस तेज डॉलर इनफ्लो से भारत का फॉरेक्स रिजर्व भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 21 अगस्त तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 729.3 बिलियन डॉलर था। इससे कुछ ही हफ्ते पहले 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था।

रिजर्व बैंक को समय से पहले बंद करनी पड़ी विंडो

क्या है एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट?

फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) अकाउंट एनआरआई के लिए एक फिक्स्ड टर्म डिपॉजिट होता है। इसमें एनआरआई अपनी विदेशी कमाई को भारत में विदेशी मुद्रा में जमा कर सकते हैं। उन्हें रकम को पहले भारतीय रुपए में बदलने की जरूरत नहीं होती। इस खाते की खासियत यह है कि मूलधन और उस पर मिलने वाला ब्याज दोनों विदेशी मुद्रा में ही वापस मिलते हैं। ऐसे में एनआरआई को रुपए में उतार-चढ़ाव का जोखिम नहीं उठाना पड़ता।



खाड़ी युद्ध संकट से बढ़ा डॉलर का दबाव

आरबीआई का यह कदम ऐसे समय में आया, जब मिडिल ईस्ट में जारी जंग और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारत के बाहरी खाते और रुपए पर दबाव बढ़ा रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भारत के फॉरेक्स रिजर्व में करीब 46 बिलियन डॉलर की कमी आई थी। इसी दौरान 24 जुलाई तक रिजर्व करीब 682 बिलियन डॉलर रह गया था, जबकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 6 प्रतिशत कमजोर हो चुका था। ऐसे माहौल में आरबीआई ने एनआरआई से विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई।

खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया गया : एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में इनफ्लो पहले कमजोर हो गया था। वित्त वर्ष 2024-25 में इस माध्यम से 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आई थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2026 में यह घटकर सिर्फ 946 मिलियन डॉलर रह गई। इनफ्लो को फिर से बढ़ाने के लिए आरबीआई ने जून 2026 में एक खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया था। इसके तहत 3 से 5 साल की अवधि वाले नए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट पर बैंकों को रियायती स्वैप की सुविधा दी गई।

रिजर्व बैंक की उम्मीद से कहीं ज्यादा आया पैसा : आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा को शुरुआत में करीब 80 बिलियन डॉलर के इनफ्लो की उम्मीद थी। लेकिन डिपॉजिट में पैसा आने की रफ्तार अनुमान से काफी ज्यादा रही। अगस्त की शुरुआत तक ही करीब 40.8 बिलियन डॉलर आ चुके थे। इसके बाद 31 अगस्त तक एफसीएनआर (बी) के जरिए आने वाली रकम 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई। तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने 30 सितंबर 2026 की तय डेडलाइन का इंतजार नहीं किया और स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी।

रुपए को मिला सहारा

इस डॉलर इनफ्लो का असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखाई दिया। 21 अगस्त तक भारत का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर रिकॉर्ड 729.3 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था। इतना बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार भारत के करंट अकाउंट डेफिसिट को फाइनेंस करने और बाहरी झटकों से निपटने में मदद कर सकता है। रुपए को भी इससे कुछ राहत मिली।

Directorate of Agriculture, Jharkhand

Department of Agriculture, Animal Husbandry & Cooperative, Government of Jharkhand
Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi, Jharkhand-834008
Email:directoragriculturejh@gmail.com
Phone No. –0651-2230691

Tender- Notice

e-Tender No/ RFP No.-3559 Ranchi, Date :02.09.2026

E-tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (Price part) is invited from the Tenderers.

Sl. No.	Particular	Details
1.	Name of the Department	Department of Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative, Government of Jharkhand
2	Name of Service	Notice Inviting Request for Empanelment (RFE) for Rate Contract for the Supply of INM/IPM Inputs for Augmenting the Production and Productivity of Various Agricultural Crops, viz. Cereals, Pulses, and Oilseeds, for a Period of Two (02) Years (2026–2028).
3.	Method of Selection	Empanelment through the Least Cost Selection (LCS) Method under a Two-Packet Bid System for Package- 2,3,4 &5. Empanelment through the Least Cost Selection (LCS) Method with Reverse Auction under a Two-Packet Bid System for Package-1.
4.	Name of Package & Estimated Value (Packages 1–5) Procurement is divided into five (05) Packages. Bidders may bid for one or more Packages. Evaluation and award shall be made separately for each item within each Package, unless otherwise specified in the RFP.	Package-no. / Package Name / Estimated Budget: Package-1 Dolomite 5 crore; Package-2 Micronutrients 5 crore; Package-3 Bio-Fertilizers 4 crore; Package-4 Organic fertilizer, Urea & DAP 4 crore; Package-5 IPM Inputs 6 crore
5	NIT Publication & RFP Availability	**Newspaper:** 08.09.2026; **e-Procurement Portal & sameti.org website: 08.09.**2026
6	Pre-Bid Query Closing Date	Email:directoragriculturejh@gmail.com; Deadline: As per Portal
7.	Pre-Bid Meeting Date (Hybrid)	16-09-2026 & Link: at sameti.org, Meeting Time 3:00 PM
8.	Last Date for submission of Bid	26-09-2026 or as per e-procurement portal &sameti.org
9.	Technical Bid Opening Date	28-09-2026 or as per e-procurement portal &sameti.org
10.	Financial Bid Opening Date	30-09-2026 or as per e-procurement portal & sameti.org
11.	Bid Processing Fee	Not Applicable.
12.	Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable)	2% of the estimated cost of the respective package, e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in
13.	Electronic- Performance Bank Guarantee (E-PBG) (Refundable)	5% of the estimated value of the items awarded to selected bidder.
14.	Tender Inviting Authority & Address for Communication	Director, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, Kanke, Ranchi Jharkhand, 834008
15.	Mode of Submission of Proposal	Online through portal https://jharkhandtenders.gov.in/ only
16.	Duration of Contract	Two years from the date of Contract
17.	Contact Details	Shri Prem Bhagat, Section officer, Ph no. 9973228776

- The Bid Inviting Authority reserves the right to adopt either empanelment or selection of the Lowest Responsive Bidder (L1), as approved by the Competent Authority.
- The Department of Agriculture, Jharkhand reserves the right to cancel this RFP and/or invite fresh bids, with or without amendments, without assigning any reason or liability.
- No minimum quantity is guaranteed under this RFP/Rate Contract.
- All corrigenda, amendments, and notifications, if any, shall be published only on the Jharkhand e-Procurement Portal and the SAMETI website.

PR 388943 Agriculture (26-27)_D

Sd/-
Bidyanand Sharma Pankaj, IAS
Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi

कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

Email id - cmonpkharod@rediffmail.com

क्र./1382 / न.प./ लो.नि.वि./2026-27 खरौद, दिनांक 02.09.2026

:: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पंचायत खरौद क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण अवधि	Bid Start Date & Time	Bid Due Date & Time	Bid Open Date & Time
1	2	3	4	5		6	7	8
1	198752 02/09/2026	वार्ड क्र. 15 लक्ष्मणेश्वर मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य	99.76	74820	09 माह	02.09.2026 17:30 IST	21.09.2026 17:30 IST	23.09.2026 11:30 IST

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-Procurement पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत खरौद जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/ मण्डी रायगढ़/44/26-27/3234 रायपुर, दिनांक 02.09.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

